संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -214 मंगलवार ,06 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

माफिया मुख्तार अंसारी को उम्र कैद की सजा

अवधेश राय हत्याकांड में 32 साल बाद आया फैसला, मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

वाराणसी,05 जून 2023(ए)। वाराणसी कीअवधेश राय हत्याकांड मामले में बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही मुख्तार अंसारी पर 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। लगभग 32 साल बाद कोर्ट का यह फैसला आया है। अवधेश राय कांग्रेस नेता अजय राय के भाई थे। शहर के चेतगंज थाने से महज 50 मीटर दूर बदमाशों ने अवधेश राय की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

अवधेश राय मर्डर केस में यह फैसला एमपी-एमएल कोर्ट के जज अवनीश गौतम ने सुनाया है। इससे पहले 22 मई को इस केस में अंसारी की बांदा जेल से वर्चुअल पेशी हुई थी, तब जज ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। इस हत्याकांड को बदमाशों ने 3 अगस्त 1991 को अंजाम दिया था। तब अवधेश के भाई अजय राय ने पांच लोगों को आरोपी बनाया था, जिसमें से एक मुख्तार भी शामिल था।

अजय राय ने चेतगंज थाने में दर्ज कराई थी शिकायत

अजय राय ने वाराणसी के चेतगंज थाने में भाई की हत्या को लेकर एक शिकायत दर्ज कराई थी। इस हत्याकांड में मुख्तार के अलावा पूर्व विधायक अब्दुल कलाम का भी नाम सामने आया था। साथ ही भीम सिंह और राकेश को भी पुलिस ने आरोपी बनाया था। यह एक हाईप्रोफाइल केस था, इस वजह से तब की सरकार ने जांच का जिम्मा सीबीसीआईडी को सौंप दिया था।

अवधेश राय हत्याकांड में 32 साल बाद आया फैसला

सजा के ऐलान के बाद बोले अवधेश के भाई

मुख्तार की सजा के ऐलान के बाद कांग्रेस नेता और मृतक अवधेश राय के भाई अजय राय ने कहा कि ये 32 साल की लड़ाई जो हम सभी ने मिलकर लड़ी आज उसमें सफलता मिली है और ऐसे दुर्दांत अपराधी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हम लोग न्यायपालिका के शुक्रगुजार है। मैं लगातार सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहा हूं मगर सुरक्षा नहीं बढ़ाई जा रही है। अगर मेरे साथ कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदार भाजपा होगी।

सजा सुनाए जाने पर कुछ ऐसा था मुख्तार अंसारी का रिएक्शन,कहा- जज साहब मैं बेगुनाह हूं

कोर्ट के फैसले के बाद मुख्तार के वकील अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि इस फैसले में कई कमियां हैं। इसके खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे।

सजा सुनाए जाने से पहले वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश मुख्तार अंसारी से पूछा गया कि अदालत द्वारा आपको दोषी करार दिया है तो आप कुछ कहना चाहेंगे।इस पर मुख्तार अंसारी ने कहा कि वह बेगुनाह है। उसने कोई अपराध नहीं किया है। उसकी उम्र को देखते हुए न्यूनतम सजा निर्धारित की जाए।वहीं, अभियोजन के वकील अनुज यादव ने कहा फांसी की सजा की उम्मीद थी लेकिन हम फैसले से संतुष्ट हैं। अगर मुख्तार पक्ष हाईकोर्ट जाएगा तो हम वहां भी इसी तरह पूरी ताकत से केस लड़ेंगे।

रेलवे विभाग का बड़ा फैसला

» बिना टिकट यात्रियों को भी मिलेंगे 10 लाख

» जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों को तत्काल मुआवजा मिलेगा

नई दिल्ली,05 जून 2023(ए)। ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन की मालगाड़ी से टक्कर में 288 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 1000 से अधिक घायल हो गए। इस हादसे के बाद भारतीय रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। रेलवे ने इस हादसे में मरने वाले सभी यात्रियों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का फैसला किया है। रेलवे ने कहा है कि बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को भी रेलवे की तरफ से 10 लाख रुपये दिए जाएंगे।

बिना टिकट देखे मुआवजा दिया जाएगा

इस बारे में और जानकारी देते हुए रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से मिले आदेश की पृष्ठभूमि में रेलवे ने सभी मृतक यात्रियों के परिजनों को 10 लाख रुपये देने का फैसला किया है। रेलवे अधिकारियों ने कहा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को भी मुआवजा मिलेगा।

रेलवे से 10 लाख की सहायता

रेल मंत्रालय ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के वारिसों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख और मामूली रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। इसके अलावा प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के वारिसों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपने-अपने राज्यों में पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की है।

शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में फिर कार्रवाई

» राजस्थान में कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

उदयपुर,05 जून 2023(ए)। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के साथ अब रीट परीक्षा के पेपर लीक मामले में की भी ईडी जांच कर रही है। ईडी की टीम ने आज सुबह जयपुर, जालोर, डूंगरपुर और बाड़मेर सहित कई ठिकानों पर दबिश दी है। रीट के पेपर लीक मामले में करोड़ों रुपए के लेन देन की बातें सामने आई थी, जिसकी शिकायत राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडीलाल मीणा की ओरा से की गई थी। रीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार बाड़मेर के ठेकेदार भजनलाल विश्नोई के घर सहित कई ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई चल रही है। साथ ही वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले माफिया सुरेश ढाका, सुरेश विश्नोई और भूपेन्द्र सारण के घर पर भी ईडी की टीम जांच कर रही है। अब चुनाव से पहले ईडी की इस बड़ी कार्रवाई से बड़े खुलासे की संभावना है। सुरक्षा के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान तैनात किए गए हैं।

26 सितंबर 2021 को हुई रीट की परीक्षा का पेपर जयपुर के शिक्षा संकुल से आउट हुआ था। पेपर आउट करने वाले मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा के कई नेताओं से नजदीकी संबंध थे। राजनितिक संरक्षण के कारण ही एक निजी स्कूल संचालक रामकृपाल मीणा को शिक्षा संकुल के स्ट्रांग रूप में रखे पेपर तक पहुंचने का अवसर मिल गया था। बाद में पेपर को बेचे जाने के मामले में सरकारी कर्मचारियों सहित कई आरोपियों की गिरफ्तारियां हुई थी। बाड़मेर के ठेकेदार भजन लाल बिश्नोई को भी एसओजी ने गिरफ्तार किया था। भजन लाल कई राजनेताओं का नजदीकी था। रीट का आयोजन करवाने वाले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन चेयरमैन पो. बीपी जारोली को राज्य सरकार ने बर्खास्त किया था। हालांकि जांच के बाद एसओजी ने जारोली को क्लीन चिट दे दी थी।

वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा में भी ईडी की कार्रवाई

24 दिसंबर 2022 को वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ था। यह पेपर परीक्षा का आयोजन कराने वाली संस्था आरपीएससी के दफ्तर से लीक किया गया था। आरपीएससी के सदस्य बाबूलाल कटारा ने सरकारी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल अनिल कुमार मीणा उर्फ शेरसिंह मीणा को एक करोड़ रुपए में बेचा था। मीणा ने पेपर लीक माफिया भूपेन्द्र सारण और सुरेश ढाका को पेपर बेचा था। बाद में सारण और ढाका ने दर्जनों अभ्यर्थियों को पेपर बेचा था जिसका खुलासा उदयपुर पुलिस ने किया था। अब सुरेश ढाका, सुरेश विश्नोई, भूपेन्द्र सारण के आवास पर भी ईडी की टीमें पहुंची है। इस मामले में भी राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने करोड़ों रुपए के लेनदेन का आरोप लगाते हुए ईडी में शिकायत दर्ज कराई थी। ईडी ने आरपीएससी के चेयरमैन और सचिव को नोटिस जारी किए थे।

मुंबई पुलिस के पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

मुंबई ,05 जून 2023(ए)। मुंबई पुलिस के पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से तीन सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी है। शर्मा ने पत्नी की ख़राब तबियत का हवाला देते हुए उनसे मिलने के लिए जमानत की अपील की थी। जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया है। प्रदीप शर्मा फिलहाल मनसुख हिरेन हत्याकांड मामले में जेल में बंद थे। न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों पर शर्मा को अपनी बीमार पत्नी की देखभाल के लिए जमानत पर रिहा किया जाएगा।

शर्मा के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने दावा किया कि उनके मुवक्किल की पत्नी का स्वास्थ्य हर गुजरते दिन बिगड़ रहा है और उसे तत्काल सर्जरी की जरूरत है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने एनआईए का प्रतिनिधित्व करते हुए शर्मा की जमानत याचिका का विरोध किया और अदालत से कहा कि उन्हें मेडिकल रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया जाए। दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने मामले की सुनवाई तीन हफ्ते बाद तय की है। अदालत में शर्मा द्वारा दायर एक दस्तावेज में कहा गया है,

याचिकाकर्ता की मां की उम्र 93 वर्ष है और याचिकाकर्ता की पत्नी उनकी प्राथमिक देखभाल करने वाली है। पत्नी की वर्तमान चिकित्सा जटिलताओं के कारण, उनकी पत्नी और मां की देखभाल करने वाला कोई नहीं है।

याचिकाकर्ता अपनी पत्नी और बूढ़ी मां की देखभाल करने वाला एकमात्र पुरुष सदस्य है। आगे प्रस्तुत किया गया है कि यदि याचिकाकर्ता को जमानत/अंतरिम जमानत पर रिहा नहीं किया जाता है, तो इसका उनकी पत्नी के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। शीर्ष अदालत ने 29 मई को शर्मा को एक उचित याचिका दायर करने को कहा था और उनकी अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई 2 जून तक के लिए टाल दी थी। शर्मा द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता एक सजायाफ्ता पुलिस अधिकारी है, जो 2019 से सेवा से सेवानिवृत्त हो चुका है।

गवाह के साथ छेड़छाड़ की संभावना नहीं है। इसके अलावा, सबूत के साथ छेड़छाड़ की आशंका, बिना किसी सामग्री के, जमानत से इनकार करने का आधार नहीं है। शर्मा 17 जून, 2021 से हिरासत में हैं। इस साल जनवरी में, उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने विशेष एनआईए अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली शर्मा की अपील को खारिज कर दिया, जिसने फरवरी 2022 में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

नौकरी पर वापस लौटे पहलवान

अब निकलेगा डब्लूएफआई का समाधान

भारतीय कुश्ती महासंघ यानी डब्लूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जारी प्रदर्शन के बीच पहलवानों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। हालांकि, इस बैठक के दौरान क्या बात हुई, इसे लेकर सरकार या पहलवानों की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। खास बात है कि यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब रेसलर्स ने सिंह के खिलाफ कार्रवाई के लिए 5 दिनों का समय दिया था।

खबर है कि हुई शाह और पहलवानों के बीच बैठक देर रात 2 घंटों से ज्यादा समय तक चली। इसमें रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और कुछ कोच शामिल हुए थे। इनके अलावा स्टार रेसलर विनेश फोगाट भी प्रदर्शन में जमकर आवाज उठाती नजर आ रही हैं। पहलवान सरकार पर भी कार्रवाई में देरी के आरोप लगा चुके हैं।

» साक्षी मलिक बोलीं-रेलवे में जिम्मेदारी निभा रही हूं,

» लड़ाई से पीछे नहीं हटी

नई दिल्ली,05 जून 2023(ए)। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे रेसलर साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट नौकरी पर लौट गए है। बता दें कि कल पहलवानों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। जिसके बाद आज वो अपने कामों पर लौट गए है। हालांकि, इस खबर के सामने आने के बाद साक्षी ने तुरंत ट्वीट करते हुए इन खबरों का खंडन किया। उन्होंने लिखा- ये खबर बिलकुल गलत है। इंसाफ़ की लड़ाई में ना हम में से कोई पीछे हटा है, ना हटेगा। सत्याग्रह के साथ साथ रेलवे में अपनी जिम्मेदारी को साथ निभा रही हूं। इंसाफ मिलने तक हमारी लड़ाई जारी है। कृपया कोई गलत खबर ना चलाई जाए।

बजरंग ने भी किया क्लीयर

वहीं स्टार पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि आंदोलन वापस लेने की खबर अपवाह है। ये उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए फैलाई जा रही है। वो ना तो पीछे हटे हैं और ना ही उन्होंने आंदोलन वापस लिया है। उन्होंने कहा कि महिला पहलवानों की एफआईआर वापस लेने की खबर भी झूठी है।

भारत के स्टार पहलवान भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को मांग पर लेकर जंतर- मंतर पर पिछले काफी समय से धरने पर बैठे थे, मगर 28 मई को उन्हें वहां से हटा दिया गया, जिसके बाद तीनों के नौकरी पर लौट गए हैं। हालांकि इसके बावजूद पहलवानों का विरोध जारी।

अंडर गारमेंट्स कंपनी का सर्वर हैक

» हैकर ने 15 लाख हिंदू लड़कियों का डेटा इस्लामिक देशों को बेचा

जयपुर,05 जून 2023(ए)। राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रूप (एसओजी) ने ऑनलाइन लेडिज अंडर गारमेंट्स सप्लाई करने वाली एक कंपनी का सर्वर हैक कर 15 लाख महिलाओं का डेटा चोरी करने वाले आरोपी संजय सोनी को उदयपुर से गिरफ्तार किया। उदयपुर निवासी आरोपी संजय कंपनी प्रतिनिधियों को ब्लैकमेल कर पैसे भी वसूल रहा था। बता दें कि लड़कियों का ये डेटा इस्लामिक देशों को बेच डाला। आरोपी डेटा लीक करने की धमकी देकर कंपनी को ब्लैकमेल भी कर रहा था। वह कंपनी को ब्लैकमेल कर उससे 1500 डॉलर वसूल भी चुका है।

कंपनी की ओर से इस संबंध में पिछले दिनों राजधानी जयपुर के एसओजी थाने में केस दर्ज कराया गया था। कंपनी की ओर से दर्ज कराए गए केस के मुताबिक हैकर ने कंपनी से जुड़ी महिलाओं की पर्सनल डिटेल जैसे नाम, मोबाइल नंबर, ई मेल आईडी, जन्म तारीख और साइज सभी कॉपी कर लिए। बीते 24 अप्रेल को हैकर ने मेल कर कंपनी को बताया कि सर्वर हैक कर महिलाओं का डेटा चुरा लिया है।

उसके बाद 16 मई को भी कंपनी को हैसटेग कर ट्वीट किया कि 15 लाख हिंदू लड़कियों का डेटा लीक हो गया है। उसे इस्लामिक देशों को भेजा जा रहा है। 25 मई को फिर कंपनी को भेजे मेल को रिट्वीट किया है। पूरा मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल इसकी जांच शुरू की और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में और भी कई बड़े खुलासे होने संभावनाए जताई जा रही है।

बम विस्फोट से किशोर की मौत

घटना से लोगों में गुस्सा,दो गिरफ्तार

कोलकाता ,05 जून 2023(ए)। पश्चिम बंगाल में एक बार फिर हुए बम विस्फोट की घटना घटी है और उक्त घटना में एक किशोर राजू राय (12) की मौत हो गई है। पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसाप उक्त घटना उत्तर 24 परगना के बनगांव में आज सुबह घटी। राजू राय सुबह शौच के लिए सरकारी शौचालय में गया था कि शौचालय के अंदर रखे गये बम फट गया। खून से लथपथ किशोर को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का घर बख्शी पल्ली इलाके में है। उक्त घटना के बाद लोगों में गुस्सा है और लोग पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठा रहें हैं कि शौचालय में बम कैसे आया। जबकि घटना के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने उक्त मामले में दो लोगों बप्पा बिश्वास (30) व असित अधिकारी (50) को गिरफ्तार कर लिया और पुलिस खबर के लिखे जाने तक दोनों से पूछताछ कर रही थी। मामले पर बात करने पर राजू के पिता ने कहा कि ब्लास्ट के बाद शौचालय के अंदर जाकर देखा तो हर तरफ खून ही खून नजर आया।

पुलिस संभावित आतंकी खतरे को लेकर अलर्ट

चेन्नई ,05 जून 2023(ए)। तमिलनाडु के कोयंबटूर में कुछ आतंकी तत्वों के फिर से संगठित होने को लेकर केंद्रीय और राज्य की खुफिया एजेंसियों से मिली गुप्त सूचना के बाद पुलिस अलर्ट पर है। पुलिस प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन के कुछ पूर्व नेताओं और कार्यकर्ताओं की तलाश कर रही है जो जिले में कुछ लोगों से समन्वय स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।

14 फरवरी, 1998 को कोयम्बटूर में सिलसिलेवार बम विस्फोटों में 58 लोग मारे गए थे। एक घंटे के अंतराल में 11 जगहों और 12 किमी के दायरे में 12 विस्फोट हुए थे।

200 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

विस्फोट भाजपा नेता और तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी को निशाना बनाकर किए गए थे, जो बाल-बाल बच गए थे।

हमले के पीछे आतंकवादी संगठन अल-उम्मा था और संगठन के संस्थापक एस ए बाशा सहित संगठन के कई नेताओं को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

23 अक्टूबर 2022 को कार बम विस्फोट हुआ था। यह घटना दीवाली की पूर्व संध्या पर हुई थी। यह विस्फोट बाजार से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर हुआ था।

एसए बाशा के भतीजे समेत सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और एनआईए ने इन लोगों से कई बार पूछताछ की थी। पिछले सितंबर में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध के बाद, संगठन के प्रमुख गुर्गों में से एक, केरल का रऊफ पकड़े जाने से पहले कोयम्बटूर में मौजूद था।

कोयंबटूर सिटी पुलिस के सूत्रों ने बताया कि पुलिस कस्बे में वाहनों की आवाजाही पर नजर रख रही है और केरल के पलक्कड़ जिले के सभी चेकपोस्टों पर नजर रखी जा रही है और वाहनों की जांच की जा रही है।

रुजिरा को दुबई जाने से रोके जाने पर तमतमाई ममता बनर्जी

» यह अमानवीय है, वह अपनी बीमार मां को देखने जा रही थी

» सीएम ने लगाया रेल हादसे लोगों का ध्यान हटाने का आरोप

कोलकाता,05जून 2023(ए)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुचिरा बनर्जी और दो बच्चे को कोलकाता एयरपोर्ट पर तब रोक लिया गया जब वह लोग दुबई जा रहे थे। उक्त मामले को लेकर सीएम ममता बनर्जी तमतमा गई और उन्होंने घटना को अमानवीय करार देते हुए कहा कि उनकी मां हैं बीमार है इस लिए वह लोग उन्हें देखने जा रहें थे। सीएम ने ईडी के नोटिस को अमानवीय करार दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेन हादसे से देश का ध्यान हटाने के लिए यह किया जा रहा है। तृणमूल सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मामले पर केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा, 'उसकी (रुजिरा की) मां बहुत बीमार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इजाजत दिया था।' उन्होंने कहा कि कहा गया था, अगर वह कभी बाहर जाएं तो एक बार ईडी को सूचित कर दें। तभी ईडी कह सकता था कि आप मत जाइए, लेकिन एयरपोर्ट पर जाकर नोटिस पकड़ा जा रहा है।' उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर 8 जून को हाजिर होने के लिए कहा जा रहा है। यह सब अमानवीय हो रहा है। अब इनकी निगाहें लोगों की मदद करने के बजाय केवल सच को छुपाया जा रहा हैं।

संपादकीय

नीतीश को बड़ी मेहनत करनी होगी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विपक्षी पार्टियों की बैठक कराने का जिम्मा ले तो लिया लेकिन यह काम उनके लिए आसान नहीं होगा। पटना में 12 जून को विपक्षी पार्टियों की बैठक होने वाली है लेकिन अभी तक की स्थिति को देख कर लग रहा है कि कई बड़े विपक्षी नेता इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। नीतीश के प्रयास का समर्थन करने के बावजूद संभव है कि बड़े विपक्षी नेता खुद जाने की बजाय अपनी पार्टी के किसी प्रतिनिधि को भेजें। अगर ऐसा होता है तो नीतीश के सब किए धरे पर पानी फिरेगा और विपक्षी एकता बनाने की संभावना पर भी असर होगा।

असल में यह पहला मौका है, जब एकजुटता बनाने के मकसद से विपक्षी पार्टियों की बैठक हो रही है। इससे पहले किसी न किसी कार्यक्रम में विपक्षी नेताओं को बुलाया जाता था। जैसे एमके स्टालिन 70 साल के हुए तो इस मौके पर मार्च में उनकी पार्टी ने एक कार्यक्रम किया, जिसमें विपक्षी नेता शामिल हुए। इसी तरह पिछले महीने कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री के शपथ समारोह में कांग्रेस के बुलावे पर कई विपक्षी नेता जुटे। ऐसे ही कभी करुणानिधि के सम्मान में तो कभी देवीलाल के सम्मान में हुए कार्यक्रमों में विपक्षी नेताओं का जमावड़ा होता रहा। पहली बार ऐसा हो रहा है कि अगले लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए विपक्षी पार्टियों की बैठक होनी है।

सो, यह नीतीश कुमार के लिए प्रतिष्ठा का मामला बन गया है। अगर सभी बड़े विपक्षी नेता उनके बुलावे पर पटना पहुंचते हैं तो नीतीश का कद बढ़ेगा। लेकिन अगर बड़े नेता नहीं शामिल हुए तो उनकी बड़ी किरकिरी होगी। उनको दोतरफा नुकसान होगा। एक तो देश भर में विपक्ष की राजनीति का चेहरा बनने की उनकी इच्छा को ग्रहण लगेगा तो दूसरे बिहार की राजनीति में सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल और मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा की नजर में भी वे हलके होंगे। इसलिए उनको और उनकी पार्टी को बड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि बड़े नेता जुटें।

नीतीश और उनकी पार्टी की चिंता इसलिए बढ़ी है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बैठक में शामिल नहीं होंगे क्योंकि वे अमेरिका गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जाने की संभावना भी कम है। खड़गे या नेहरू-गांधी परिवार से बाहर का कोई व्यक्ति नीतीश की बैठक में पहुंचता है तो इसका महत्व कम होगा। इसी तरह कहा जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल भी शायद पटना नहीं जाएंगे। अगर 12 जून से पहले कांग्रेस अध्यादेश के मसले पर स्थिति स्पष्ट नहीं करती है तो केजरीवाल कांग्रेस के साथ बैठक में शामिल नहीं होंगे। शरद पवार और उद्धव ठाकरे के बारे में संजय राउत ने कहा है कि वे पटना की बैठक में शामिल होंगे लेकिन अगर सेहत के आधार पर दोनों ने दूरी बनाई और अपना प्रतिनिधि भेजा तो मुश्किल होगी। एमके स्टालिन के पटना जाने पर भी संशय है। ममता बनर्जी और अखिलेश यादव ने जरूर जाने की सहमति दी है।

भयावह होती रेल दुर्घटनाओं की तस्वीर

रेल हादसों की बलि चढ़ते लोग

उड़ीसा के बालासोर में 2 जून की शाम को हुए भीषण ट्रेन हादसे में करीब तीन सौ लोग मारे गए हैं और एक हजार से भी ज्यादा घायल हुए हैं। इस हादसे में कोलकाता से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी और इसी बीच यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस वहां आ गई और कोरोमंडल से टकराकर पलट गई। इस टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेन का इंजन बोगी के ऊपर चढ़ गया। बालासोर के पास बाहानगा बाजार स्टेशन के नजदीक हुए हादसे में पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और यह ट्रेन दूसरी तरफ से आ रही यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतरे और उसी दौरान कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से जा टकराई। यह रेल हादसा कितना भयानक था, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि रेल की पटरी सीधे ट्रेन के फर्श को चीरते हुए अंदर घुस गई और बोगी के आर-पार हो गई। भारत में आजादी के बाद हुए घातक ट्रेन हादसों में यह हादसा अत्यधिक भीषण हादसा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर किसी का हाथ कटा पड़ा था तो किसी का पैर, किसी का सिर तो किसी का धड़। रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) ए. एम. चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है।

कहा जा रहा है कि देश में 16 महीने बाद कोई ऐसा रेल हादसा हुआ है, जिसमें लोगों की जान गई है। इससे पहले 14 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी। हादसे के समय ट्रेन की गति कम थी अन्यथा रेल तंत्र की लापरवाही के कारण वह दुर्घटना बहुत बड़ी हो सकती थी। उस समय कहा गया था कि वह हादसा 34 महीने बाद हुआ था। हालांकि वास्तव में ऐसा है नहीं, रेल हादसे निरन्तर होते रहे हैं और लोग ऐसे हादसों की बलि चढ़ते रहे हैं। इसी साल 2 जनवरी को राजस्थान में पाली के नजदीक बांद्रा-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बेपटरी हो गए थे, उस हादसे में 26 यात्री घायल हुए थे। 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस ने बरेली-शाहजहांपुर के पास क्रॉसिंग पर कुछ वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 3 फरवरी 2019 को जोगबनी से दिल्ली जा रही सीमांचल एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने से सात से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। ऐसे हादसों में हर बार हताहतों की चीखें खोखले रेल तंत्र की कमियों को उजागर करते हुए समूचे रेल तंत्र को कटघरे में खड़ा करती रही हैं लेकिन उसके बावजूद रेल हादसों पर लगाम नहीं कसी जा रही।

भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक हैं, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है। रेलों के जरिये प्रतिदिन न केवल करोड़ों लोग यात्रा करते हैं बल्कि यह माल ढुलाई का भी सबसे बड़ा साधन है। इसके बावजूद इस विशालकाय तंत्र को चुस्त-दुरूस्त और सुरक्षित बनाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता और प्रायः इसी कारण रेल हादसे होते रहे हैं। इतने विशाल तंत्र को दुरुस्त रखने के लिए रेलवे को प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जरूरत होती है लेकिन विशेषज्ञ इसके आवंटन को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा रेल तंत्र को मजबूत करने और आधुनिक जामा पहनाने के उद्देश्य से रेल बजट का आम बजट में ही विलय कर दिया गया था लेकिन अभी तक उससे भी कुछ खास हासिल होता नहीं दिखा। प्रतिवर्ष बजट पेश करते समय रेल पटरियों के सुधार, सुरक्षा उपकरणों को पुख्ता करने तथा रेल यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के दावे किए जाते हैं। ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि फिर भी रेल हादसों पर लगाम क्यों नहीं लग रही? एक तरफ हम देश में बुलेट ट्रेनें चलाने का दम भरते हैं लेकिन दूसरी ओर पहले से मौजूद विस्तृत रेल तंत्र की अव्यवस्थाओं को दूर करने में कोई विशेष दिलचस्पी नहीं दिखाते।

बहरहाल बार-बार होते रेल हादसों की बहुत लंबी फेहरिस्त है लेकिन चिंता की बात यही है कि ऐसे हर हादसे की जांच के लिए एक समिति का गठन होता है और फिर अगले हादसे के इंतजार में उस हादसे को भुला दिया जाता है। अभी तक हुए ऐसे तमाम हादसों की जांच का क्या निष्कर्ष निकला, कोई नहीं जानता। लालफीताशाही के चलते हादसों के बाद की जांच समितियों की सिफारिशों को ईमानदारी से लागू नहीं किया जाता। जब तक ऐसे हादसों की जांच के बाद सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले असल दोषियों की पहचान कर उन्हें दंडित करने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए जाते, ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति होती रहेगी और हम ऐसी दुर्घटनाओं पर इसी प्रकार केवल शोक व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट करते रहेंगे।

योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्रसंघ को लताड़ा

न्यूयार्क, न्यूज़ एजेंसी के अनुसार संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद में आवश्यक सुधार हेतु आयोजित परिचर्चा में भारत में हिस्सा लिया। भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई प्रतिनिधि रुचिका कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र संघ को आड़े हाथों लेते हुए काफी खरी खरी बात सुनाई ।रुचिका कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद को विकृत एवं अनैतिक करार करते हुए कहां की संयुक्त राष्ट्र संघ में आवश्यक सुधार तत्काल किए जाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा की संयुक्त राष्ट्र संघ वर्तमान में भी औपनिवेशिक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है जबकि बदले हुए भू राजनैतिक परिवेश तथा परिदृश्य में वैश्विक स्थिति में नई ताकतों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए संबंधों की रणनीति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में आवश्यक सुधार हेतु बुलाई गई परिचर्चा में भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद को स्पष्ट रूप से अनैतिक एवं विकृत करार करते हुए कहा कि यह अभी भी पुरानी सोच के साथ काम कर रही है। इस चर्चा में भारत के साथ ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, सेंट विंसेंट, ग्रेनेटा और अन्य देशों ने अपने-अपने विचार रखे थे पर भारत में मुखर होकर संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद को वर्तमान परिपेक्ष में निष्क्रिय करार करते हुए उसमें भारी सुधार की आवश्यकता पर बल दिया है। भारत के प्रतिनिधि रुचिका कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की मौजूद संरचना आज की बहुउद्देशीय और आपस में जुड़ी हुई दुनिया के उद्देश्यों से सर्वथा परे है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन अलग परिस्थिति, काल और युग में हुआ जो कि वर्तमान परिपेक्ष में प्रासंगिक कतई नहीं है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद वैश्विक स्थिति में नई ताकतों के अस्तित्व को नहीं दर्शाती है और ना ही उसे प्रतिबिंबित करती है ।ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय देशों में उसकी विश्वसनीयता अत्यंत कमजोर हुई है ।सुरक्षा परिषद के देश आपस में बटे हुए भी हैं इस स्थिति में गुटबाजी के चलते वैश्विक शांति को खतरा बना हुआ है। जबकि आज के समय में जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद,आपदा प्रबंधन और मानवीय संकट में एकजुट होकर संयुक्त नीति बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है और इस कदम में संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद विफल साबित हुई है। रूस और यूक्रेन के लंबे युद्ध में संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद निष्क्रिय बनकर एक दूसरे का मुंह ताकती रही हैं और यूक्रेन लगभग बर्बादी के कगार पर खड़ा है, सुरक्षा परिषद की किस निष्क्रिय भूमिका के कारण अंतरराष्ट्रीय स्थिति अत्यंत अशांत हो गई है। भारत के स्थाई प्रतिनिधि कांबोज लगातार प्रयास करती रही हैं कि भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाया जाना चाहिए क्योंकि भारत एक शांतिप्रिय गुटनिरपेक्ष राष्ट्र है और इसी संदर्भ में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, भारत अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत शक्तिशाली आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन चुका है एवं भारत की आवाज को ना सुना जाना संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के लिए अत्यंत नुकसानदेह भी हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ एवं सुरक्षा परिषद एवं अन्य घटकों की स्थापना एक अलग युग में की गई थी जिसकी प्रासंगिकता अब बेहद कमजोर होने लगी है। ऐसे में भारत पुरजोर मांग करता है की संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में आमूलचूल परिवर्तन किया जाना चाहिए। भारत के अलावा ब्राजील एवं अन्य देश भी संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद आवश्यक सुधार लाने पर जोर भी दिया है। रुचिका कंबोज ने खुले तौर पर संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद को चुनौती देते हुए कहा कि एक तरफा काम करने से वैश्विक संतुलन बनाने में संयुक्त राष्ट्र संघ असफल रहा है और यदि वह अपनी विश्वसनीयता कायम रखना चाहता है तो उसे तत्काल उसमें सुधार लाने की आवश्यकता है।

संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

संत कबीर पर दोहे

सदुरु प्रखर कबीर थे,
दे जग को आलोक।
परे किया अज्ञान का,
फैला था जो शोक।।
ऊँचनीच के भेद को,
किया सभी से दूर।
हे !कबीर गुरुदेव तुम,
बने जगत के नूर।।
ढोंग और पाखंड पर,
करके सतत प्रहार।
सामाजिक समरूपता,
का फैलाया सार।।
हे !कबीर तुम युगपुरुष,
सारे जग की शान।
मानवता का कर सृजन,
किया सतत उत्थान।।
झूठ,कपट को मारकर,
हरण किया अविवेक।
ढाई आखर से किए,
मानव सारे नेक।।
सबके हित की बात कर,
दिखलाई नव राह।
वैसा हो संसार यह,
जस कबीर की चाह।।
कालजयी थे युगपुरुष,
समकालिक आवेश।
थे कबीर आवेग इक,
किया नवल यह देश।।
संत खरे थे,गुरु प्रवर,
कबिरा बहुत महान।
युगों-युगों तक सूर्य हे !
,पाओगे तुम मान।।
जैसे संत कबीर थे,
दिखा न अब तक और ।
उनकी बातें चेतना,
नव सुधार का दौर।।

प्रो.(डॉ)शरद नारायण खरे
मंडला मध्यप्रदेश

पुतिन,जिनफिंग से पल्ला छूटा?

यह हेडिंग कूटनीति के मिजाज में सही नहीं है। एक सियासी शीषर्क है। मगर भारत की विदेश नीति की हाल में जो नई दिशा बनी है वह वैश्विक मायने वाली है। पहले जापान, ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी की पश्चिमी नेताओं के साथ गलबहियां हुईं! फिर इस सप्ताह चीन की छत्रछाया के शंघाई सहयोग संगठन की दिल्ली शिखर बैठक को भारत ने रद्द किया। अचानक सब तैयारियों, न्योता देने के बाद भारत ने जुलाई में पुतिन और शी जिनफिंग, शहबाज शरीफ आदि की प्रत्यक्ष मेजबानी से किनारा काटा। सभी नेताओं की प्रत्यक्ष उपस्थिति की बजाय तीन-चार घंटों की मोदी की अध्यक्षता में एक 'वर्चुअल मीटिंग' से औपचारिकता पूरी करने का फैसला हुआ। जाहिर है भारत ने रूस-चीन की उस धुरी से पिंड छुड़ाने का वैश्विक मैसेज दिया है, जिससे पश्चिम की ठनी है। क्या कल्पना कर सकते है कि सितंबर में निर्धारित जी-20 के शिखर सम्मेलन को लेकर प्रधानमंत्री ऐसा नरेंद्र मोदी करें?

ध्यान रहे जुलाई से पहले 19 से 24 जून को प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जा रहे हैं। जो बाइडेन अपनी सोच व मिजाज से पलट नरेंद्र मोदी का व्हाइट हाउस में शाही स्वागत करेंगे। मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की साझा बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद 14 जुलाई को मोदी फ्रांस की नेशनल डे परेड के मेहमान है। मई महीने की इन बातों को भी ध्यान में रखें कि जापान में जी-सात के अमीर देशों ने नरेंद्र मोदी को कितना गले लगाया। बाइडन ने ऑटोग्राफ मांगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने मोदी को 'बॉस' कहा। ऑस्ट्रेलिया के करीबी टापू के बगल के प्रधानमंत्री ने मोदी के पांव छूए। जब पश्चिमी देश प्रधानमंत्री की मार्केटिगं की, उन्हें पटाने की ऐसी मनभावक भाव-भंगिमा दर्शा रहे हैं तो नरेंद्र मोदी भला क्यों पुतिन- शी जिनफिंग जैसे मवालियों की मेजबानी करें?

कुल मिलाकर पश्चिम बनाम पुतिन-शी जिनफिंग की आर-पार की लड़ाई में भारत ने दुनिया को जतला दिया है कि रूस व चीन से लेन-देन के स्वार्थी रिश्ते भले चलते रहें (ऐसे रिश्ता चलाना रूस व चीन की भी मजबूरी है) लेकिन उसका पक्का पाला अब पश्चिमी देशों का है। यूक्रेन-रूस की लड़ाई के बाद विश्व राजनीति बदली है, और पश्चिमी देशों ने रूस और चीन की धुरी के खिलाफ मोर्चा खोला है तो इसके आरंभ में मोदी-जयशंकर ने बहुध्रुवीय याकि मल्टीपोलर विश्व व्यवस्था जैसे जुमलों की जो हवाबाजी की थी उसे अब भारत हाशिए में डाल पश्चिम के अमीर जी-सात देशों की धुरी से जा चिपका है। मैं इसे भारत हित में मानता हूं। चाइनीज-इस्लामी सभ्यता की भावी चुनौतियों के सिनेरियो में दशकों से मैं भारत-पश्चिम की नैसर्गिक केमिस्ट्री की वकालत करता रहा हूं। तभी मेरी राय में अब वह मोड़ है जो जून में अमेरिका से भारत का शस्त्र प्रणालियों की खरीद या साझा उत्पादन के कारण हो। वे सौदे जिससे रूस पर भारत की हथियार निर्भरता खत्म हो।

प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी यात्रा में जरूरी हथियार खरीद की कई सहमतियां मुमकिन हैं। एक अनुमान के अनुसार अमेरिका से भारत की हथियार खरीद 25 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगी। भारत के हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके-2 प्रोजेक्ट के लिए जनरल इलेक्ट्रिक के एफ-15 इंजन के साझा उत्पादन की बाइडेन प्रशासन मंजूरी दे सकता है। इससे फिर आगे नौसेना के जहाजों के इंजन में भी सहयोग मुमकिन होगा। भारत की एडवांस्ड मीडियम लड़ाकू विमान (एएमसीए) योजना में ब्रितानी रॉल्स रॉयस कंपनी और एक अमेरिकी कंपनी की पेशकश भी आगे बढ़ सकती है। रक्षा समझौतों के कार्यान्वयन और भारतीय वायु सेना और नौसेना के लिए लड़ाकू विमानों के प्रोजेक्टों पर बुनियादी सहमतियां संभव हैं। जैसे नौसेना, सेना और वायु सेना सभी की तात्कालिक जरूरत के जनरल एटॉमिक्स से 30 एमक्यू-9 बी प्रीडेटर ड्रोन लेने का सौदा है। इस पर लंबे समय से बात हो रही है। इनके साथ यदि पुरानी रक्षा प्रणालियों की खरीदारी याकि सी-130जे सुपर हरक्यूलिस परिवहन विमान, सी17 ग्लोबमास्टर, बोइंग के एएच-64अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर, चिनूक सीएच-47 हेलीकॉप्टर, पी-8आई समुद्री निगरानी विमान और एम-777 होवित्जर की लिस्ट बने तो पश्चिमी देशों से भारत का सैनिक सहयोग रूस की जगह लेता हुआ दिखेगा। ध्यान रहे यह काम कोई मोदी सरकार की बदौलत नहीं है, बल्कि 2012 में भारत-अमेरिका के बीच बने रक्षा तकनीक व व्यापार की पहल (डीटीटीआई) के फ्रेमवर्क में आगे बढ़ा है। रक्षा प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देने का पहले से तैयार साझा मंच।

हरिशंकर व्यास

भारत के सतत विकास की गाथा, संस्थानों और उनके कार्यों से संबंधित है

सतत विकास के लिए नीतियों की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए लोगों की भी आवश्यकता होती है। जब तक हम ऊर्जा स्रोतों में बदलाव और सतत विकास को लोगों के करीब नहीं लायेंगे, तब तक हम पर्यावरण-अनुकूल और जनहितैषी प्रभाव तथा कार्यक्रमों के सतत संचालन से जुड़ी सामुदायिक कार्रवाई के लिए आवश्यक कठोर निर्णयों के प्रति दीर्घकालिक सामाजिक समर्थन प्राप्त नहीं कर सकते। यही कारण है कि, जब भारत के सतत विकास से जुड़ी पहलों की बात आती है, तो शब्दों से अधिक कार्रवाई में ही स्पष्टता दिखती है।

सतत विकास केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है; यह वह दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन भी हमारे सामने आता है। छोटे किसानों पर विचार करें। भारत फलों और सब्जियों के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन इस उत्पादन का एक अनुमान के मुताबिक 5-16 प्रतिशत सालाना बर्बाद हो जाता है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा से परिचालित आजीविका उत्पादों के साथ, बदलाव के उदाहरण जमीन पर स्पष्ट होने लगे हैं। आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव मुसलरेड्डीगरीपल्ली में, महिलाओं के समूह बैंगन, टमाटर, करेला और केले को बर्बाद होने से बचाने के लिए, सौर ऊर्जा संचालित ड्रायर में सुखाकर हर महीने लगभग 3.5 लाख रुपये अर्जित कर रहे हैं। जब सबसे कमजोर और वंचित समुदाय अपने जीवन और आजीविका, नए बाजार तथा व्यवसायों से संबंधित अवसरों को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर स्थायी समाधानों को प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं, तो इसे राष्ट्रीय नीति रूपरेखा में शामिल किया जाता है। भारत अब आजीविका के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संबंधी नीति बनाने वाला पहला देश है।

इस तरह के कार्यों के माध्यम से, इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से,सतत विकास के लिए भारतीयो की दृष्टि में बदलाव हुए हैं। इसके तीन घटक हैं, जो वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए एक हरित और समावेशी अर्थव्यवस्था की रूपरेखा के रूप में कार्य कर सकते हैं।

पहला, विकास को नागरिक केंद्रित बनाना। चाहे वह सौभाग्य योजना हो, जिसने लगभग 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण सुनिश्चित किया है, या उज्जवला योजना हो, जिसके तहत स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 9.5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, या स्मार्ट मीटर की शुरुआत हो, जो वास्तव में लोगों के हाथों में ही बिजली-आपूर्ति के संचालन की सुविधा देता है। भारत ऊर्जा-स्रोतों में बदलाव को एक घरेलू कार्य बना रहा है। उजाला योजना, जिसका उद्देश्य एलईडी प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण करना है, सालाना लगभग 3.9 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को बचाने का प्रबंधन कर रही है। इसके साथ, जल जीवन मिशन ने 8 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की सुविधा दी है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत प्रगति हो रही है, जिसके अंतर्गत 2026 तक चुनिंदा शहरों में अति सूक्ष्म कण वायु प्रदूषण को 40 प्रतिशत तक कम करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन आदि ऐसे उदाहरण हैं, जो दिखाते हैं कि कैसे सतत विकास से जुड़े बड़े पैमाने के कार्यक्रम भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं।

जब हम इस तरह के नागरिक-केंद्रित पहलों का विस्तार करते हैं, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि घरों से वास्तविक समय पर और उच्च गुणवत्ता युक्त डेटा प्रवाह को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है एवं तकनीकें और संबंधित योजनायें जमीन पर काम कर रहीं हैं। ऐसी योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में, शासन के सभी स्तरों के अधिकारियों को लोगों से समय-समय पर प्रतिक्रिया लेने की आवश्यकता है।

दूसरा, अर्थव्यवस्था-केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से सतत विकास को बड़े पैमाने पर गति देना। 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन तक पहुँचने के लिए, भारत की ऊर्जा प्रणाली और आर्थिक संरचना दोनों को बदलने की आवश्यकता है। यह पहल, यहां कई मोर्चों पर आगे बढ़ रही है। देश में अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी नवीकरणीय और सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता है। सीईईडब्ल्यू, एनआरडीसी और एससीजीजे के विश्लेषण के अनुसार, भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र 2030 तक 10 लाख लोगों को रोजगार देगा। भविष्य के इस कार्यबल को प्रशिक्षित करने के लिए, स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स कर्मचारियों को हरित व्यवसायों और सेवाओं के लिए प्रशिक्षण दे रही है। ग्रामीण भारत भी इस बदलाव से अछूता नहीं है। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के पास 4 लाख करोड़ रुपये का बाजार अवसर है और ये जमीनी स्तर पर महिलाओं को सीधे सशक्त बना रहे हैं। इसी तरह, पीएम-कुसुम योजना, जिसके तहत अक्टूबर 2022 तक 1.5 लाख सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा परिचालित बनाया गया है, का उद्देश्य किसानों के सिंचाई बिलों को कम करते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है। जैसे-जैसे दुनिया जीवाश्म ईंधन से दूर जा रही है, हम भविष्य के ईंधन, विशेष रूप से हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के साथ, भारत विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता से समझौता किए बिना, उर्वरक और इस्पात जैसे भारी उद्योगों को कार्बन-उत्सर्जन मुक्त बनाने के लिए हरित हाइड्रोजन का उपयोग कर सकता है।

ये वास्तव में भारत की शहरी और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बड़े कदम हैं। हालांकि, उनकी वास्तविक क्षमता के उपयोग के लिए इन कदमों को बड़े पैमाने पर विस्तार करने की आवश्यकता है, जिनमें शामिल हैं - विनिर्माण के क्षेत्र में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (विशेष रूप से केवल स्वच्छ तकनीकी उत्पादों की जोड़ने के बजाय उच्च मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना), पूंजी सहायता में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण और खरीदारों के लिए प्रोत्साहन (फेम जैसी योजना, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है) आदि।

तीसरा, भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास से जुड़े पहलों को मजबूत कर रहा है। 2015 में भारत और फ्रांस द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) को सौर ऊर्जा की कीमतों को कम करने, सकल मांग को कम करने और 115 हस्ताक्षरकर्ता देशों के बीच सहयोगी अवसर पैदा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसी तरह, 2019 में भारत द्वारा लॉन्च किया गया आपदा-रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का सामना कर रहे क्षेत्रों में सहनशील अवसंरचना के निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत, भारत की योजना 2030 तक वन आच्छादित क्षेत्र के माध्यम से 2.5-3 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड का कार्बन सिंक बनाने की है। आर्द्रभूमि के प्रबंधन में सुधार (जलवायु जोखिमों को कम करने में उनकी भूमिका सहित) और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं। मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में पार्टियों के सम्मेलन की मेजबानी करते हुए भारत ने 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने की भी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

अंत में, मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के माध्यम से, भारत ने सतत विकास के लिए सतत खपत को विचार-विमर्श के केंद्र में रखा है। इसने न केवल अपने नागरिकों, बल्कि अन्य देशों के लोगों के लिए भी के लिए एक चुनौती पेश की है, जो एक चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए व्यवहार को बढ़ावा देने, बाजारों को सक्षम करने एवं आकांक्षाओं को फिर से परिभाषित करते हुए; अर्थव्यवस्था को विकसित करने और जीवन के अवसरों और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने से संबंधित है।

भारत ने घोषणा की है कि हरित विकास; 2047 तक एक विकसित देश बनने की उसकी यात्रा के सात स्तंभों में से एक होगा। पहले प्रदूषण फैलाने और बाद में सफाई करने का आसान रास्ता चुनने के प्रलोभन के बावजूद; कैसे रोजगार, विकास और स्थायित्व एक साथ चल सकते हैं, को प्रदर्शित करने के लिए, देश कठिन विकल्पों का चयन कर रहा है। लेकिन जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और प्रदूषण - पृथ्वी के इस तिहरे संकट से अकेले मुकाबला नहीं किया जा सकता है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नियमों का पालन, प्रतिबद्धताओं की पूर्ति, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का सह-विकास और कम लागत पर अधिक पूंजी तक पहुंच की सुविधा की आवश्यकता है। अंततः इस सतत विकास की गाथा का जादू, हमेशा लोगों और समुदायों को जिम्मेदारी व संचालन वापस देने में निहित रहेगा।

डॉ अरुणाभ घोष

इंसान से इंसानियत खो गया है

परहित परोपकार की बातें करना
समाज के लिए जीना और मरना
सब कुछ खोखली बातें हो गया है
इंसान से इंसानियत खो गया है
अच्छे-बुरे की अब परख नही है
जीने-मरने मे कोई फरक नही है
स्वार्थी अब हर इंसान हो गया है
इंसान से इंसानियत खो गया है
प्यार-मोहब्बत सब झूठी बातें
बेईमानी मे कटती है अब रातें
दगा देना,नामे वफा हो गया है
इंसान से इंसानियत खो गया है
पल-पल बदलती जग की तस्वीर
जाने लिखने वाला सबकी तकदीर
जीवन कोई फलसफा हो गया है
इंसान से इंसानियत खो गया है
विकास का क्या असर हो गया है
मानव से मानवता ही खो गया है
क्यूँ इंसान अब ऐसा हो गया है
इंसान से इंसानियत खो गया है

प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ़

विश्व पर्यावरण दिवस पर दीदी बर्तन बैंक का लोकार्पण

» नागरिक प्लास्टिक, डिस्पोजल मुक्त आयोजन हेतु सामग्री प्राप्त कर सकेंगे

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम अंबिकापुर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महापौर डॉ. अजय तिर्की, सभापति अजय अग्रवाल, एमआईसी सदस्य शफी अहमद, द्वितेंद्र मिश्रा, शैलेन्द्र सोनी शैलू, मेराज रंगरेज़,पार्षद अलोक दुबे, प्रमोद चौधरी, गोरेलाल मुंडा नरेश एक्का की उपस्थिति में दीदी बर्तन बैंक का लोकार्पण किया गया। पूर्व में संचालित दीदी बर्तन बैंक में केवल बर्तन ही उपलब्ध था। नगर निगम द्वारा इस नए बर्तन बैंक में बर्तन के साथ टेंट का सामान भी उपलब्ध कराया गया है। इसमें खाना बनाने हेतु आवश्यक समस्त बर्तन, टेबल कुर्सी, मैट, टेंट पंडाल, सर्विंग बर्तन, ट्रे सहित अन्य सामग्री प्रदान की गई है। अब बर्तन बैंक से 800 लोगों के आयोजन की क्षमता युक्त हो गया है। दीदी बर्तन बैंक के माध्यम से कम दर पर नागरिक प्लास्टिक, डिस्पोजल मुक्त आयोजन हेतु सामग्री प्राप्त कर सकेंगे। तत्पश्चात एसएलआरएम केन्द्रों के रेनोवेशन कार्य लागत 87.90 लाख का भूमिपूजन किया गया। निगम क्षेत्र में पूर्व से संचालित 17 एसएलआरएम केन्द्रों में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महापौर द्वारा उपस्थित सभी प्रतिनिधि, स्व सहायता समूह के सदस्य, स्वच्छता दीदियों को पर्यावरण संरक्षण एवं आरआरआर केंद्र में सहयोग का शपथ दिलाया गया। साथ ही भारत सरकार के निर्देश पर संचालित आरआरआर केंद्र में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने वाले समूह को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सेनेटरी पार्क में सभी जन प्रतिनिधि, स्व सहायता समूह के सदस्य, स्वच्छता दीदियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सच्चे रामभक्तः राजेश दुबे

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के महामंत्री एवं सरगुजा संभाग के प्रभारी राजेश दुबे अधिवक्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के चंद्रखुरी में माता कौशल्या मंदिर का भव्य निर्माण करवाया। भांचा राम के वनवास के समय छत्तीसगढ़ में विचरण किए हुए स्थानों एवं रास्तों की खोज करवाकर राम वन गमन पथ का निर्माण कर भव्यता प्रदान करते हुए अमजनता के दर्शनार्थ समर्पित किया। छत्तीसगढ़ के गांवों में रामायण पाठ हेतु रामायण मंडलियों का गठन कर रामायण गान हेतु सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हे प्रोत्साहित किया गया। रामायण गान प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भूपेश बघेल के द्वारा रायगढ़ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय भव्य रामायण गान की प्रतियोगिता के सफल आयोजन से साबित होता है कि भूपेश बघेल सच्चे राम भक्त हैं। उन्होंने भाजपा के केंदीय मंत्री अश्विनी चौबे को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा के केंद्रीय मंत्री छत्तीसगढ़ में रामायण गान के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के ऐतिहासिक आयोजन से बौखला उठे हैं, उनके अनर्गल बयान से ये स्पष्ट हो गया है कि कालनेमी कौन है? रामायण गान होने से दुखी और क्षुब्ध कौन हुआ है? केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे पहले डॉ. रमन सिंह से पूछें कि 15 वर्षों के भाजपा शासन में माता कौशल्या मंदिर का निर्माण क्यों नहीं हुआ, राम वन गमन पथ का निर्माण क्यों नहीं हुआ?

सरस्वती महाविद्यालय में मनाया गया पर्यावरण दिवस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

सरस्वती महाविद्यालय सुभाषनगर अंबिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीपी तिवारी के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रांगण में फलदार वृक्ष आम, अमरूद, जामुन, पपीता लगाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष पांच जून को मनाया जाता है। इसका मूल्य उद्देश्य हमें वनों से लेकर महासागरों और मिट्टी से लेकर वायु तक प्रकृति के सभी संसाधनों का संरक्षण करना है। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रकृति हमें जो उपहार और आशीर्वाद दी है, वह अमूल्य है। सभी के जीवन के लिए इन सभी को संरक्षित करना आवश्यक है। कार्यक्रम में सभी ने शपथ लिया कि सभी कम से कम 5 पेड़ लगाएंगे और अपने आसपास लगे पेड़ों को सुरक्षित और संरक्षित करेंगे। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक ऋषि सिंह, किशन कुमार सारथी, दीप शिखा सिन्हा, राकेश सिंह, मलय दास, कृष्ण कुमार त्रिपाठी गोविंद यादव, रंजना द्विवेदी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

साइक्लोथॉन रैलियां,पोस्टर मेकिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत बनाने का दिया गया संदेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के सभागार में जन भागीदारी, जी-20 का आयोजन किया गया। एक कुशल और आत्मनिर्भर भारत बनाने आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में साइक्लोथॉन रैलियां, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं कौशल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जी-20 के अंतर्गत स्वास्थ्य संकट से जुड़े बृहद आर्थिक व वैश्विक विकास, पर्यावरण और जलवायु चुनौतियों के समाधान, वैश्विक स्तर पर सतत विकास को विकसित करने, स्वच्छता अभियान से जन जीवन को प्रभावित करने पर चर्चा की गई। जन शिक्षण संस्थान सरगुजा में मुख्य अतिथि के रूप में ममता चौहान यूनिसेफ, खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के निदेशक एम. सिद्दीकी, गिरीश गुप्ता साक्षरता सरगुजा, डॉ. नीरज वर्मा साहित्यकार की उपस्थिति रही। एम. सिद्दीकी ने बताया कि प्रतियोगिता के द्वारा सभी को स्वास्थ्य, शारीरिक एवं मानसिक तनाव को कम करने अधिक साइकिल चलाना और बेहतर भोजन करना निश्चित रूप से पेट की चर्बी कम करने में मदद करेगा। इसी तारतम्य में स्वास्थ्य विभाग से अधिकारियों ने बताया कि नियमित रूप से साइकिल चलाने से हृदय, फेफड़े और परिसंचरण में सुधार होता है। हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। साइकिल चलाने से हृदय की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। आराम करने वाली नाड़ी कम होती है और रक्त में वसा का स्तर कम होता है। खेल विभाग के अधिकारियों ने बताया साइकिल चलाना हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। इससे पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है और कई बड़ी बीमारियों से भी दूर रह सकते हैं। साइकिलिंग दिल को काफी फायदा पहुंचता है। सभी विद्यार्थियों का मैनुअल उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में खेल विभाग, कला साहित्य विभाग एवं यूनिसेफ से अधिकारियों की उपस्थिति रही। सभी विद्यार्थियों ने साइकिल रैली में शामिल होकर जी-20 के इस कार्यक्रम को सफल बनाने का शपथ भी लिया।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत डकईपारा निवासी भूपेंद्र यादव पिता जवाहिर यादव 40 वर्ष को बोलेरो चालक ठोकर मार दिया, उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक उपेंद्र यादव अपने साला गोविंद यादव के साथ तीन जून को एक अन्य साला इंद्रमणि के ससुराल ग्राम कमलपुर में पूजा-पाठ में शामिल होने गया था। यहां से दोनों वापस लौट रहे थे। ग्राम डुमरिया के पास रात 11:30 बजे मोटरसाइकिल खड़ा करके दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार में बोलेरो सवार ने उपेंद्र यादव को ठोकर मार दिया। उसे गंभीर स्थिति में पटना व बैकुंठपुर जिला चिकित्सालय से उपचार के बाद रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां 5 जून की सुबह 6:50 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों के सुपुर्द कर दिया है।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईक्यूएसी और इको क्लब के तत्वावधान में पौधरोपण के साथ विशेष व्याख्यान हुआ। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने प्राध्यापकों, विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर हरियाली के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने व्याख्यान का प्रारम्भ करते हुए कहा कि हम जिस पर्यावरण, परिवेश में रहते हैं, उसे स्वस्थ, स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। जल-जंगल-जमीन के प्रति हम जितना जवाब देह होंगे, हमारी विरासत, अगली पीढ़ी उतना ही समृद्ध होगी। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि संतुलित विकास से ही पर्यावरण संरक्षण संभव है। विनाश की कीमत पर विकास नहीं होगा। संधारित विकास ही हमारा लक्ष्य है। लाइफ साइंस फेकेल्टी के डीन अरविन्द तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि पृथ्वी के प्रत्येक प्राणि का संरक्षण पर्यावरण संरक्षण से ही सम्भव है।

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के पूर्व डीन प्रोफेसर मधुर मोहन रंगा ने पर्यावरण की चुनौतियां और उसके समाधान की योजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा जलवायु, मौसम, पर्यावरण पर ही निर्भर है। कटते वन, सूखती नदियां, बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण, रासायनिक प्रदूषण, हवाओं में घुलते कार्बन डाई आक्साइड, शोर अब संकट बनते जा रहे हैं। जल और जंगल के बचाव से ही सभी प्राणियों को अच्छा पर्यावरण मिल पाएगा। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह रिसाइकिल तो हो रहा है लेकिन इसका समाधान, निस्तारण नहीं हो पा रहा है। 2023 के पर्यावरण दिवस की थीम है, प्लास्टिक प्रदूषण से समाधान। उन्होंने विज्ञान के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए पर्यावरण के क्षेत्र में वेट लैंड, दलदल, वन्य प्राणि प्रजातियों पर शोध के लिए आह्वान किया। जंगल मैन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एकल प्रयास से जल-जंगल-जमीन को बचाया जा सकता है। व्याख्यान के दौरान समस्त विद्यार्थी एवं विषय विशेषज्ञ ऑनलाइन जुड़े रहे। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन फेकेल्टी के डीन अध्यक्ष राकेश सेन, फिजीकल साइंस फेकेल्टी के डीन शैलेष देवांगन, डॉ. अजय कुमार तिवारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शौचालय के लिए जाने उठा युवक गिरा,उपचार दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 05 जून 2023 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के रामानुजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरा धनपुरी निवासी राम विकास सोनवानी पिता प्रमोद सोनवानी 18 वर्ष की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक बीते एक माह से अपनी पत्नी संगीता के साथ गांव में ही स्थित ससुराल में रह रहा था। चार जून को तड़के तीन बजे वह शौचालय जाने के लिए निकला और गिर गया। इसके बाद खुद उठकर अंदर आया और अपनी पत्नी को जाते वक्त गिरने की बात कहकर लेट गया। इसके बाद वह सुबह बातचीत नहीं कर रहा था। स्वजन उसे जिला अस्पताल बलरामपुर लेकर गए, यहां से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था, जहां पांच जून की सुबह 8:50 बजे उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

14 लाख रुपये से हो रहा घटिया सीसी रोड का निर्माण व खाद्यान्न नहीं मिलने की जनपद सदस्य ने किया मुख्य कार्यपालन अधिकारी से शिकायत

- संवाददाता -
प्रतापपुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।



ग्रामीण अंचल में सरकार द्वारा विभिन्न विभाग से विकास कार्य तो कराए जा रहे हैं, लेकिन मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर आदिवासी बाहुल्य इलाकों में विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। ताजा उदाहरण प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पहिया के में प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना से बनवाई जा रही 300 मीटर आरसी सी रोड है। करीब 14 लाख की लागत निर्माणाधीन इस रोड में मानक की अनदेखी की जा रही है। रोड एक बारिश भी ढंग से नही झेल पाएगी। सीसी रोड लोकल नदी नालों से अवैध खनन कर मानक के विपरीत बालू डाला जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि सीसी रोड में घटिया किस्म की सामग्री प्रयोग एवं मानक के विपरीत बन रहा। रोड आखिर कितने दिन चलेगा। जनपद सदस्य कांती नाग ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव से अच्छी सड़क बनवाने के लिए कहा लेकिन एजेंसी ने एक भी नही सुनी। मनमर्जी करते हुए घटिया सामग्री का प्रयोग कर सीसी रोड बनाने के नाम पर खाना पूर्ति कर रहा है जिसकी शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतापपुर से की गई है जिस पर उन्होंने जांच कर कार्रवाई करने की बात की है वही कोई जनपद सदस्य कांति नाग ने ग्राम पंचायत पहिया में ग्रामीणों को खाद्यान्न सही ढंग से नहीं मिलने की भी शिकायत की है जिस पर खाद्य निरीक्षक से जांच करवाने का आश्वासन मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दिया गया

स्वामी आत्मानंद स्कूल सोहगा में फलदार वृक्षों का रोपण,सुरक्षा की ली जिम्मेदारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल सोहगा व वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। वैश्विक स्तर पर पर्यावरण की रक्षा के संकल्प के साथ विद्यालय परिसर में 60 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें आम, सीताफल, अमरुद आदि पौधे लगाए गए। कार्यक्रम सोहगा विद्यालय परिसर में किया गया। विद्यालय परिवार ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी एवं ग्रामीण भी उपस्थित थे। विद्यालय परिसर में इस तरह का पहला आयोजन था, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर उपस्थित हुए। विद्यालय के नवीन भवन के निर्माण के समय वृक्षारोपण का कार्य किया गया, जिससे परिसर को हरा-भरा रखा जा सकेगा। आने वाले समय में सभी विद्यार्थी भी पर्यावरण के प्रति जागरूक होंगे। गत दिनों विद्यालय के वर्तमान परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार अपने जीवनशैली के साथ पर्यावरण की रक्षा इस मुहिम के तहत शपथ ग्रहण भी कराया गया था। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय के नवीन परिसर में वृक्षारोपण का कार्य संपादित किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने रोपित वृक्षों की रक्षा तथा देखभाल की भी जिम्मेदारी ली।

रिंकी सिंह टारगेटबाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता मथुरा में बेस्ट शूटर बनी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला की अंतर्राष्ट्रीय टारगेटबाल खिलाड़ी रिंकी सिंह 10वीं राष्ट्रीय टारगेटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मथुरा में बेस्ट शूटर बनी, साथ ही सातवीं फेडरेशन कप प्रतियोगिता में भी बेस्ट शुटर रही। रिंकी सिंह अंबिकापुर, सरगुजा जिला की अंतर्राष्ट्रीय टारगेटबाल खिलाड़ी हैं। वे सरगुजा संभाग व प्रदेश छत्तीसगढ़ के मेजबानी कर चुकीं है। 10वीं राष्ट्रीय टारगेटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता व सातवीं फेडरेशन कप प्रतियोगिता में हरियाणा महिला टीम की मेजबानी की और हरियाणा टीम के लिए खेलते हुए गोल्ड मेडल जीतकर प्रतियोगिता की बेस्ट शूटर बनी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि रिंकी सिंह छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से टारगेटबाल खेल का राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिनिधित्व की हैं। वे राष्ट्रीय रेफ़री का भी एक्जाम दे चुकी हैं। उन्होंने बताया कि रिंकी सिंह शुरू से ही टारगेटबाल खेल की उत्कृष्ट खिलाड़ी रहीं और कई बड़े राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल चुकी हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो चुकी हैं। सरगुजा जिला के सभी खेल संघों की ओर से रिंकी सिंह को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई।

आधी रात मिलने के दौरान प्रेमिका ने की थी प्रेमी को चाकू मारकर हत्या

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रार्थी बसंत राम साकिन बरडीह धौरपुर द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 29 मई 23 को प्रार्थी का नाबालिग भतीजा ग्राम बरडीह मे शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। जो 30 मई 23 के रात्रि लगभग 2 बजे ग्राम बतौली थाना धौरपुर की निवासी मुक्ति मिंज उर्फ़ पीहू द्वारा फ़ोन कर बताया गया कि मेरे नाबालिग भतीजा को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। सुचना पर परिजनों द्वारा मृतक नाबालिग को होली क्रॉस हॉस्पिटल इलाज हेतु ले जाया गया जो मृतक इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 302 कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा के निर्देशन में हत्या के मामले में शामिल अज्ञात आरोपी की गिरफ़्तारी हेतु विशेष पुलिस टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अनुविभागिय अधिकारी पुलिस सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवांगन के नेतृत्व मे थाना प्रभारी धौरपुर एवं विशेष पुलिस टीम मामले मे आरोपी का पता तलाश एवं विवेचना किया जा रहा था। दौरान विवेचना विशेष पुलिस टीम को मृतक नाबालिग एवं घटना की सूचनाकर्ता मुक्ति मिंज साकिन बतौली धौरपुर का लगातार बातचीत होना पाया गया जो मृतक एवं युवती के बीच प्रेम सम्बन्ध होने की जानकारी भी विशेष पुलिस टीम को प्राप्त हुई,मामले मे युवती के कथन पर संदेह होने पर विशेष पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताई कि घटना दिनांक को मृतक ग्राम बरडीह मे शादी समारोह मे जाने के नाम पर अपनी प्रेमिका मुक्ति मिंज को घर से बुलाया, मुक्ति मिंज घर से निकलते समय अंधेरा होने के कारण अपने पास चाकू रखी हुई थी, जो बाद मे आरोपिया मुक्ति मिंज मृतक से मिली और मिलने के दौरान ही आपसी प्रेम सम्बन्ध को लेकर मृतक एवं युवती का वाद विवाद हो गया, मृतक युवती से वाद विवाद कर मारपीट करने लगा जो आरोपिया द्वारा अपने पास रखे चाकू से मृतक पर प्राणघातक वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, तत्पश्चात मृतक के परिजनों को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाकू मारने की बात बताई गई थी, जो आरोपिया मुक्ति मिंज उर्फ़ पीहू आत्मज छन्दन राम उम्र 18 वर्ष साकिन बतौली थाना धौरपुर द्वारा चाकू मारकर हत्या करने की घटना कारित करना स्वीकार किये जाने पर आरोपिया के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक कैलाश मिर्रे,सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह,प्रधान आरक्षक जगसाय मारकाम,महिला आरक्षक राजकुमारी, आरक्षक अमित विश्वकर्मा, राहुल सिंह, सयनाथ लकड़ा,मुनेश्वर पन्ना, दिलीप मिंज,कष्टहरण शामिल रहे।

'अमेरिका से टकराव हुआ तो दुनिया को भुगतने पड़ेंगे परिणाम'; चीनी रक्षा मंत्री शांगफू ने दी चेतावनी

हांगकांग,05 जून 2023। चीन और अमेरिका के बीच का तनाव कम होने के बजाय बढ़ ही रहा है। हाल ही में अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ बैठक से इनकार के बाद अब चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू ने शांगरी-ला वार्ता में अमेरिका को लेकर ऐसा बयान दिया है जिसके बाद दोनों देशों के बीच एक बार फिर कड़वाहट बढ़ गई है। इससे पहले जासूसी गुब्बारे को लेकर दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आ गया था।

इस सम्मेलन में चीनी डिफेंस सेक्रेटरी ली शांगफू ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोनों देशों के बीच टकराव हुआ तो यह पूरी दुनिया के लिए खतरनाक साबित होगा। उन्होंने अमेरिका को संबोधित करते हुए कहा था कि इस लिए ऐसी स्थिति से बचने के लिए वार्ता जरूरी है। उन्होंने यह बात चार जून को %शांगरी ला% डायलॉग में कही थी। उनका यह बयान तब आया था जब अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने चीन के रक्षामंत्री के साथ बैठक से इनकार कर दिया था। बता दें कि ली शांगफू को इसी साल मार्च में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। वहीं, शांगरी-ला डायलॉग में उनका यह पहला संबोधन था।

अपने संबोधन में शांगफू ने यह भी कहा था कि दुनिया इतनी बड़ी है कि अमेरिका और चीन के साथ-साथ विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास अलग-अलग तरह की प्रणालियां हैं, लेकिन इनको दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने और सहयोग को गहरा करने के लिए समान हितों की तलाश के बीच में नहीं आना चाहिए। उन्होंने चीनी सेना की वर्दी पहनकर ये भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने अमेरिका पर हिंद प्रशांत क्षेत्र में नाटो जैसा सैन्य गठबंधन बनाने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया। शांगफू ने कहा कि चीन, अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा इस तरह की स्वतंत्र नेविगेशन की अनुमति नहीं देगा, जो नेविगेशन का बहाना हो।

दोनों देशों के रिश्तों में जारी है तनाव

चीन और अमेरिका के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा तनाव और व्यापार विवाद को देखते हुए दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच होने वाली इस बैठक की काफी अहमियत थी लेकिन चीन के कदम से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने की कोशिशों को झटका लगा था। बता दें कि गुब्बारे से जासूसी प्रकरण को लेकर भी दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आ गया था। हालांकि बीते हफ्ते चीन और अमेरिका के वाणिज्य मंत्रियों की वॉशिंगटन में मुलाकात से रिश्ते थोड़े पटरी पर आते दिख रहे थे लेकिन अब रक्षा मंत्रियों की बैठक रद्द होने से तनाव बढ़ने की पूरी आशंका है।

शांगरी-ला वार्ता का IISS ने किया था आयोजन

गौरतलब है कि शांगरी-ला वार्ता का आयोजन 2-4 जून से अंतर्राष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान (IISS) द्वारा किया गया था। इसे रणनीतिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए देशों को एक साथ लाने के लिए डिज़ाइन की गई है।

बच्चे को बचाने की कोशिश में समुद्र में डूबा भारतीय मूल का युवक

वॉशिंगटन ,05 जून 2023। अमेरिका के कैलिफोर्निया में 12 साल के बेटे को बचाने के कोशिश में भारतीय मूल के अमेरिकी व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, भारतीय मूल के अमेरिकी व्यक्ति श्रीनिवास मूर्ति जोनालगदा अपने नाबालिग बच्चे को सांता क्रूज काउंटी के पैंथर स्टेट बीच पर घुमाने ले गए थे। यहां उनका बच्चा समुद्र किनारे खेलने लगा। थोड़ी देर बाद ही वह लहर के साथ गहरे पानी में पहुंच गया।

बताया जा रहा है कि घटना पिछले सोमवार की है। व्यक्ति को तैरना नहीं आता था, वह अपने बच्चे को बचाने के लिए पानी में गया था। उसकी मदद के लिए एक और शख्स पानी में गया था। उसने किसी तरह बच्चे को किनारे की ओर धकेला, लेकिन तेज बहाव के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उनका परिवार असहाय होकर पूरा मंजर देखता रहा।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि कैलिफोर्निया हाइवे पैट्रोल हेलीकॉप्टर के जरिए उसे बाद में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बच्चे को बचाने में श्रीनिवास की मदद करने वाला व्यक्ति सुरक्षित पानी से निकलने में सफल रहा।

भारत यात्रा को लेकर आलोचनाओं से घिर गए हैं नेपाल के प्रधानमंत्री दहल

काठमांडो,05 जून 2023। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की बीते सप्ताहांत पूरी हुई भारत यात्रा के बाद नेपाल में उन पर 'भारत पर निर्भर' हो जाने के इल्जाम लगाए जा रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि इस यात्रा के दौरान नेपाल को ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ।

थिंक टैंक सेंटर फॉर सोशल इन्क्लूजन एंड फेडरलिज्म में रिसर्च डायरेक्टर अजय भद्र खनाल ने दहल की यात्रा से ठीक पहले एक वेबसाइट पर लिखी अपनी टिप्पणी में अनुमान लगाया था कि दहल की यात्रा का ऐसा ही नतीजा होगा। अब उन्होंने कहा है कि दहल की यात्रा के बाद नेपाल की भारत पर निर्भरता और भी ज्यादा बढ़ गई है। खनाल ने कहा है कि जरूरत इस 'निर्भरता' को 'एक दूसरे पर निर्भरता' में बदलने की है। लेकिन अब हालत यह हो गई है कि अगर भारत ने फिर कभी नेपाल पर दबाव बनाया, तो नेपाल के लिए उसका मुकाबला करना कठिन साबित होगा।

अखबार काठमांडू पोस्ट के संपादक विश्वास बराल ने एक टिप्पणी में लिखा है कि भारत ने दहल का स्वागत संदेह के साथ किया। इसकी वजह दहल के बारे में यह धारणा है कि वे एक कमजोर गठबंधन के नेता हैं। साथ ही उनकी 'चाइना मैन' (चीन के समर्थक) की

छवि है। लेकिन बराल ने लिखा है कि दहल भारत को खुश रखने की जरूरत बहुत पहले समझ चुके हैं।

नेपाल में परंपरा रही है कि वहां प्रधानमंत्री बनने के बाद कोई नेता अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत जाता है। टीकाकारों ने कहा है कि दहल ने यह रस्म-अदायगी की, लेकिन वे अपने देश के लिए ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर पाए। अखबारी टिप्पणियों में कहा गया है कि भारत से लौटने के बाद अब दहल की चीन यात्रा की तैयारियां शुरू हो जाएंगी।

बराल ने लिखा है- 'चीन में दहल को संभवतः यह मालूम पड़ेगा (यही भारत में हुआ होगा) कि भारत और चीन के साथ संबंध अधिक से अधिक एक दूसरे की कीमत पर होता दिखने लगा है। दोनों को साथ-साथ खुश रखना लगातार अधिक मुश्किल होता जा रहा है।'

विपक्षी दलों ने भी यह कह कर दहल की यात्रा को नाकाम बताया है कि वे सीमा विवाद, विमान रूट, पंचेश्वर परियोजना के बारे में नेपाल की मांगों पर भारत को राजी नहीं कर पाए। उन्होंने दोनों देशों के बीच इलाकों की अदला-बदली की बात की। यहां इसका यह अर्थ निकाला गया है कि दहल ने भारत को यह संकेत दिया कि नेपाल कालापानी इलाके पर से अपना दावा छोड़ने को तैयार है।

दहल की भारत यात्रा शुरू होने से ठीक पहले नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नेपाल के विवादित नागरिकता विधेयक पर दस्तखत कर दिए। विपक्ष का आरोप है कि ऐसा भारत सरकार को खुश करने के लिए किया गया। इसके अलावा कभी अपने को धर्म निरपेक्ष राजनीति का चेहरा बताने वाले दहल ने भारत में हिंदू धर्म के एक प्रसिद्ध मंदिर का दौरा किया। इसे भी वर्तमान भारत सरकार को खुश करने की कोशिश का हिस्सा बताया गया है।

कुछ आलोचकों ने कहा है कि दहल युवा नेपालियों की भावना को समझने में नाकाम रहे हैं। विश्लेषक सीके लाल ने अखबार कांतिपुर में लिखे एक लेख में कहा है कि धनी नेपालियों को अब काशी और कोलकाता के पुराने सपने दिखा कर लुभाया नहीं जा सकता। इन नेपालियों की नजरें अब सिडनी और न्यूयॉर्क पर टिकी हैं। जानकारों के मुताबिक इस हाल में 'भारत निर्भर' होने की धारणा दहल के लिए राजनीतिक नुकसान का सौदा साबित हो सकता है।

अपने बच्चों की हत्या के आरोप में 20 साल जेल में बिताने के बाद निर्दोष साबित हुई महिला

सिडनी,05 जून 2023। कभी ऑस्ट्रेलिया की 'सबसे खराब महिला सीरियल किलर' कहलाने वाली एक महिला को 20 साल जेल में बिताने के बाद सोमवार को माफ कर दिया गया, जब नए सबूत मिले कि उसने अपने चार बच्चों को नहीं मारा। न्यू साउथ वेल्स के अटॉर्नी जनरल माइकल डेली ने जांच में अपराध में भूमिका सामने न आने पर कैथलीन फोल्बिग को मुक्त करने के लिए हस्तक्षेप किया।

सोमवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए डेली ने कहा कि उन्होंने गवर्नर से बात की थी और बिना शर्त माफी की सिफारिश की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है।

यह सभी संबंधित लोगों के लिए एक भयानक परीक्षा रही है और मुझे उम्मीद है कि हमारी आज की कार्रवाई इस 20 साल पुराने मामले को कुछ हद तक बंद कर सकती है। फोलबिग को 2003 में हत्या के

मामलों में जेल में डाल दिया गया था। 1989 से एक दशक से अधिक समय के बीच उसके चार बच्चों कालेब, पैट्रिक, सारा और लौरा की मौत हो गई थी।

मामले में उसे संदिग्ध माना गया। हालांकि इसका कोई भौतिक प्रमाण नहीं था कि वह उनकी मृत्यु का कारण बनी।

फोल्बिग ने हमेशा अपने को निर्दोष बताया

1989 और 1999 के बीच प्रत्येक बच्चे की अचानक मृत्यु हो गई, जिनकी आयु 19 दिन और 19 महीने के बीच थी। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि फोल्बिग ने उनका गला घोंट दिया था।

2019 की जांच में फोल्बिग पर संदेह के लिए कोई आधार नहीं मिला। मूल मुकदमे में परिस्थितिजन्य साक्ष्य को अधिक महत्व दिया गया।

लेकिन सेवानिवृत्त न्यायाधीश टॉम बाथर्स्ट की अध्यक्षता में एक ताजा जांच में, अभियोजकों ने स्वीकार किया कि जीन म्यूटेशन पर शोध ने बच्चों की मौतों के बारे में उनकी समझ को बदल दिया है।

फोल्बिग को मुक्त करने के लिए एक साल के लंबे अभियान के बाद उसे तब क्षमा दिया गया, जब इम्यूनोलॉजिस्ट की एक टीम ने पाया कि उनके बच्चों ने ने एक आनुवंशिक उत्परिवर्तन साझा किया है, जो अचानक मृत्यु का कारण बन सकता है।

सबूत भी सामने आए थे कि उनके बेटों में एक अलग आनुवंशिक उत्परिवर्तन था, जो चूहों में अचानक शुरू होने वाली मिर्गी से जुड़ा था।

खैबर-पख्तूनख्वा में सेना और आतंकवादियों में मुठभेड़,दो सैनिक और दो आतंकियों की मौत

इस्लामाबाद, 05 जून 2023। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में सेना और आतंकियों की आपस में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो आर्मी के जवान और दो आतंकियों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक दो आतंकी घायल भी हुए हैं।

यह है पूरा मामला

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, राज्य के उत्तरी वजीरिस्तान में सेना और आतंकियों में मुठभेड़ हो गई थी। हादसे में दो आतंकियों के साथ-साथ सेना के भी दो जवानों की मौत हुई है। सेना ने आतंकियों के पास से हथियार और गोलियां बरामद की है। सेना ने सैनिटाइजेशन अभियान के तहत कई आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पिछले सप्ताह भी अलग-अलग मुठभेड़ में कुल चार आतंकियों की मौत हुई है। पाकिस्तानी सेना का दावा है कि उन्होंने उत्तरी वजीरिस्तान इलाके को आतंकियों के चंगुल से छुड़ा लिया है। क्षेत्र में तालिबान के उभरने की उम्मीद है, जिला पहले से ही तालिबान का गढ़ रहा है। बता दें, टीटीपी अफगानिस्तानी तालिबान का साथी है। तालिबान ने 15 अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में अपनी सत्ता काबिज की है।

पाकिस्तानियों का अपनी मुद्रा में टूटा भरोसा,रुपया अब किसी काम का नहीं!

इस्लामाबाद , 05 जून 2023। पाकिस्तान में महंगाई की ऊंची दर और डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरती की कीमत के कारण देशवासियों का अपनी मुद्रा में भरोसा टूट गया है। बीते महीने में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर तकरीबन 38 प्रतिशत तक पहुंच गई। इस हाल को देखते हुए देश में जिन लोगों के पास पैसा है, वे तेजी सोने और अमेरिकी डॉलर की खरीदारी कर रहे हैं। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से कर्ज मिलने की उम्मीद टूटने के बाद निकट भविष्य में आर्थिक स्थितियों में सुधार की संभावना खत्म हो गई है। इस कारण सोने और डॉलर की खरीदारी बढ़ गई है।

एए गोल्ड कॉमोडिटीज नाम की कंपनी के निदेशक अदनान अगर ने अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत में कहा कि आईएमएफ से ऋण ना मिलने की स्थिति में निवेशकों की प्राथमिकता सोने और डॉलर में निवेश करने में बनी रहेगी। या फिर वे शेयर बाजार में पैसा लगाएंगे। पिछले हफ्ते पाकिस्तान सरकार ने स्वीकार किया था कि अब उसे आईएमएफ से मंजूर हुए 6.5 बिलियन डॉलर का कर्ज

मिलने की उम्मीद नहीं है। इस ऋण के जारी होने के लिए पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच शर्तों पर सहमति बनने लिए समयसीमा 30 जून है, लेकिन अब ऐसा हो पाने की संभावना बहुत कम है।

आईएमएफ से ऋण न मिलने का पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर हुआ है। देश में उद्योगों के बंद होने का सिलसिला जारी है और इस कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। इससे लोगों की चिंता बढ़ रही है। ऐसी हालत में जिन लोगों के पास पैसा है, वे गंभीरता से अपने निवेश के विकल्पों के बारे में सोच रहे हैं। अदनान अगर ने कहा कि ऐसी स्थितियों में लोग हमेशा ही अमेरिकी डॉलर में निवेश करते हैं। लेकिन इस समय पाकिस्तान में डॉलर की किल्लत है, इसलिए लोग सोने की खरीदारी कर रहे हैं। अर्थशास्त्रियों को अंदेशा है कि पाकिस्तान सितंबर 2023 से पहले डिफॉल्ट करने को मजबूर हो जाएगा। उसके बाद देश के लिए जरूरी चीजों का आयात करना भी मुश्किल हो जाएगा। इससे और भी ज्यादा संख्या में कारखाने बंद होने लगेंगे। इस बीच जानकारों का कहना है कि सोने में निवेश में लाभ बढ़ गया है। साल 2022 में सोने में निवेश पर सबसे ज्यादा लाभ मिला। इसमें 41 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। इस समय सोने का भाव दुनिया भर में चढ़ा हुआ है। इसलिए सोने में निवेश पाकिस्तान में भी यह लोगों की प्राथमिकता बना हुआ है।

पीएम मोदी के स्वागत के लिए उत्साहित हैं भारतीय प्रवासी, बाइडन-मोदी की दोस्ती के गवाह बनेंगे हजारों लोग

वाशिंगटन,05 जून 2023। अमेरिका में भारतीय प्रवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली राजकीय यात्रा और अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र में उनके संबोधन को लेकर काफी उत्साहित है। प्रवासियों की मानें तो उन्हें लगता है कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का यह एक बेहतर अवसर होगा। पीएम मोदी यहां रक्षा, व्यापार, उर्जा, अंतरिक्ष सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बता दें, पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर तीन दिवसीय अमेरिका दौर पर रहेंगे। 21 से 24 जून तक प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के कई बड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

भारतीय प्रवासी काफी उत्साहित हैं

अमेरिका के विभिन्न समुदाय के पांच हजार सदस्यों वाशिंगटन स्थित व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में राष्ट्रपति बाइडन द्वारा पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। यहां उनकों बंदूकों की सलामी भी दी जाएगी। भव्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई लोग वाशिंगटन आ रहे हैं। अमेरिकी नेता गीतेश देसाई ने बताया कि कांग्रेस में संबोधन के लिए आमंत्रित करना दोनों देशों के एतिहासिक महत्व को दर्शाता है। वैश्विक शांति के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं। देसाई का कहना है कि दोनों देशों के बीच स्थाई प्रगति और समृद्धि के लिए उर्जा, पर्यावरण और शिक्षा अहम क्षेत्र है।

पीएम ने तीन राष्ट्रपतियों से की मुलाकात

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में नौ सालों में अमेरिका के तीन राष्ट्रपतियों से मुलाकात की है। इस बार पीएम को रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया गया है। पीएम मोदी दूसरी बार संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इससे पहले 2016 में पीएम मोदी ने कांग्रेस को संबोधित किया था। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के संस्थापक जगदीप अहलूवालिया ने बताया कि भारतीय प्रवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजकीय दौरे और अमेरिकी कांग्रेस में संयुक्त संबोधन के वजह से काफी रोमांचित हैं। यात्रा भारत में आर्थिक संबंधों और निवेश को मजबूत करने के साथ-साथ दोनों देशों के नेताओं के बीच दोस्ती मजबूत करेगी।

भारत कभी दबाव में नहीं आता

पद्मश्री विजेता काक ने कहा कि राजकीय यात्रा के दौरान, भारत का ध्यान व्यापार पर रहेगा। भारत में टेक कंपनियों द्वारा निवेश की सुविधा होगी। अमेरिका चीन के कारण भारत को अपने पक्ष में करने के लिए समर्थन चाहता है। भारत का रुख हमेशा साफ रहता है, जिस तरह भारत ने रूस का विरोध किया न यूक्रेन के खिलाफ कोई बयान बाजी की। भारत ने रूस, अमेरिका सहित सभी देशों के दबाव से हटकर तीसरा रास्ता अपनाया और शांति स्थापित करने की कोशिश की।

म्यांमार के गृह युद्ध में सेना को भारी नुकसान, घटती जा रही है फौजियों की तादाद

यंगून,05 जून 2023। म्यांमार के गृह युद्ध में दोनों पक्षों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। सैनिक शासन ने इस दौरान अपने विरोधियों को कमजोर करने की योजनाबद्ध कोशिश की है। दो महीने पहले उसने देश की प्रमुख पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) को भंग कर दिया था। विद्रोही गुटों के खिलाफ उसने अपनी कार्रवाई को ज्यादा बेरहम बना दिया है। इसके बावजूद सेना को हुए नुकसान की भरपाई वह नहीं कर पा रहा है।

अमेरिकी थिंक टैंक यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ पीस में विजिटिंग स्कॉलर ये मयो हिन हाल में एक विश्लेषण में लिखा- 'म्यांमार में सैनिकों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है।' इस विश्लेषण में अनुमान लगाया गया है कि गृह युद्ध में म्यांमार की सेना को 13 हजार जवान गंवाने पड़े हैं। उनके अलावा आठ हजार सैनिक ड्यूटी छोड़ कर भाग गए हैं।

इसके पहले विश्लेषकों का अनुमान था कि म्यांमार की सेना में तीन से चार लाख तक फौजी हैं। मयो हिन का कहना है कि सेना को जो नुकसान हुआ है, उन जगहों को भरने के लिए नई भर्ती करने में वह नाकाम रही है। सेना में आखिरी भर्ती फरवरी

2021 में हुए सैनिक तख्ता पलट से पहले हुई थी। फिलहाल सेना के कई बटालियन अपनी पूरी क्षमता के बिना काम कर रहे हैं।

मयो हिन ने लिखा है- 'सेना में फौजियों की कमी को पूरा करने के लिए सैनिक शासकों ने नौसैनिकों और वायु सैनिकों की मदद गृह युद्ध में ली है। इसके अलावा सहायक दस्तों की मदद ली गई है। फिलहाल म्यांमार के सशस्त्र सेनाओं में डेढ़ लाख जवान ही मौजूद हैं।'

उधर बैंकाक स्थित विश्लेषक और म्यांमार की सुरक्षा स्थिति के विशेषज्ञ एंथनी डेविस ने अनुमान लगाया है कि म्यांमार की पैदल सेना में एक लाख से एक लाख 20 हजार तक जवान और अधिकारी हैं। उन्होंने कहा है- 'मैं इस बात से सहमत हूं कि पहले म्यांमार की सेना के आकार को लेकर जो अनुमान लगाए गए थे, उनमें संख्या को बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया था।'

विश्लेषकों के मुताबिक म्यांमार के नौजवान अब सेना में शामिल होने को लेकर अनिच्छुक हैं। इसलिए सेना नई भर्तियां नहीं कर पा रही है। इसका कारण पिछले दशक में देश में रहा लोकतांत्रिक शासन है। लोकतांत्रिक शासन का स्वाद लगने के बाद अब नौजवान सेना की नौकरी में जाने को इच्छुक नहीं रह गए हैं। बल्कि सेना की ज्यादतियों को लेकर उनमें गुस्से की भावना है।

थल सैनिकों की संख्या घटने के कारण सैनिक शासक गृह युद्ध में लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों का अधिक इस्तेमाल करने लगे हैं। अप्रैल में वायु सेना ने सगायंग इलाके में जुटी लोकतंत्र समर्थकों की भीड़ पर हवाई बमबारी की थी। ये लोग विपक्षी समूहों की तरफ से बनाई गई वैकल्पिक सरकार- नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट के कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर इकट्ठे हुए थे। बताया जाता है कि इस घटना में 160 से ज्यादा लोग मारे गए।

क्या विधायक के मीडिया प्रभारी विधायक के लिए गूगल सर्च कर विधायक का बयान कर रहे जारी, कॉपी पेस्ट का ले रहे सहारा?

- क्या विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भरतपुर सोनहत विधायक के अपने कोई विचार नहीं?
- गूगल में उपलब्ध एक संदेश निकालकर विश्व पर्यावरण दिवस पर भरतपुर सोनहत विधायक का विचार बताकर किया गया एक पोस्ट
- अवसर जिलाधीश कार्यालय में वृक्षारोपण का,विधायक के विचार की जगह सोशल मीडिया पर विधायक के विचार बताकर डाला गया गूगल में उपलब्ध विचार



मिडिया प्रभारी ने रखे को देखकर यही लगा की विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर विधायक के सोशल मीडिया प्रभारी ने यह साबित कर दिया की विधायक का विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर अपना कोई विचार नहीं है और उन्होंने गुगल पर पहले से ही उपलब्ध एक संदेश का सहारा लिया है और उसे ही कॉपी पेस्ट कर विधायक का विचार बताकर पोस्ट कर दिया है। पूरे पोस्ट को पढ़कर और देखकर समझा जा सकता है की एक जनप्रतिनिधि बतौर विधायक भरतपुर सोनहत की तरफ से कितनी बड़ी चूक की गई है और यह चूक उनके मीडिया प्रभारी ने की है जो समाने है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर बहुत सारे सोशल मीडिया पोस्ट आज देखने को मिले लेकिन अधिकांश में यही देखा गया की वह पोस्ट करने वाले के अपने विचार हैं और वह उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षा के लिए स्वप्रेरित होकर पोस्ट किया है लेकिन भरतपुर सोनहत विधायक का सोशल मीडिया पोस्ट जो गुगल पर उपलब्ध ही एक पोस्ट है को विधायक के विचार बताकर पोस्ट करना कितना सही है यह अब विचार करने वाली बात है।

कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण कर दिया गया पर्यावरण जागरूकता का संदेश

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधा लगाने और पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और भरतपुर-सोनहत विधायक श्री गुलाब कमरो, सीजीएमएससी के संचालक और मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर, कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, एसडीएम अभिषेक कुमार, डीएफ़ओ एलएन पटेल, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा तथा अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया।

सोशल मिडिया पोस्ट से विधायक की हो रही किरकिरी

गुगल पर पहले से ही उपलब्ध एक पर्यावरण के संदेश को भरतपुर सोनहत विधायक का संदेश बताकर सोशल मीडिया पर विधायक की आईडी से पोस्ट किए जाने मामले में अब विधायक की किरकिरी हो रही है और यह कहते लोगों को सुना जा रहा है की इस महत्वपूर्ण अवसर पर विधायक के स्वयं के विचार सामने आने चाहिए थे जो नहीं आया और उसकी जगह कॉपी पेस्ट का सहारा लेकर एक पहले से ही बने हुए संदेश को विधायक का संदेश बताकर पोस्ट कर दिया गया।

विधायक का सोशल मीडिया पोस्ट निश्चय ही उन्होंने नहीं उनके मीडिया प्रभारी ने पोस्ट किया लेकिन उन्हें भी ध्यान रखना था की इस तरह की पोस्ट से विधायक की किरकिरी हो सकती है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर ही क्यों आती है पर्यावरण की याद,यह भी है एक सवाल

प्रति वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ही लोगों को खासकर जिम्मेदार लोगों को जिनमे अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हैं उन्हे पर्यावरण की याद क्यों आती है यह एक बड़ा सवाल है। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर साल भर ही सभी की सक्रियता क्यों नजर नहीं आती। वर्षभर पर्यावरण का किसी को ध्यान नहीं रहता लेकिन पर्यावरण दिवस के अवसर पर फोटो खिंचाने और अपने विचार लोगों तक पहुंचाने जिम्मेदारों को काफी सक्रिय देखा जाता है और दिवस बीतते ही फिर पर्यावरण की भी याद धूमिल हो जाती है और फिर साल भर बाद ही उसकी फिर याद आती है।

लगातार वृक्षों की हो रही कटाई,कैसे पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ ले रहे जिम्मेदार

वृक्ष हैं तो पर्यावरण सुरक्षित है यही सत्य है लेकिन आज यदि नियमों और पर्यावरण को लेकर कायदों की बात की जाए तो वृक्षों की कटाई हर तरफ जोरों से जारी है। वृक्षों की कटाई को लेकर नियम भी अब शिथिल कर दिए गए हैं और अब बड़े ही आसानी से वृक्ष काटे जा सकते हैं और अनुमति भी मिल रही है। अब इसके बाद किस तरह पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षा हो सकती है समझा जा सकता है।

आरा मिलों की संख्या में भी हुई है वृद्धि

हाल फिलहाल में आरा मिलों की संख्या में भी वृद्धि हुई है और अब आरा मिल भी आसानी से आरंभ किए जा रहे हैं। कुलमिलाकर केवल शपथ तक ही पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षा की बात है बात यदि असलियत में संरक्षा और सुरक्षा की होती ऐसे दृश्य सामने नहीं होते।

भरतपुर जनपद पंचायत की महिला अध्यक्ष सहित ग्रामीण महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन, विधायक पर लगाए गंभीर आरोप

- जनपद उपाध्यक्ष भरतपुर की गिरफ्तारी का कर रहें हैं यह सभी विरोध, गिरफ्तारी को राजनीति से बताया प्रेरित
- तहसीलदार ने जनपद उपाध्यक्ष पर दर्ज कराई है प्राथमिकी,जनपद उपाध्यक्ष की हुई है गिरफ्तारी
- भाजपा नेता हैं जनपद उपाध्यक्ष,क्षेत्र में काफी जनाधार वाले नेता भी हैं जनपद उपाध्यक्ष
- जनपद उपाध्यक्ष ने सत्ताधारी दल को क्षेत्र से नहीं जीतने देने की दी थी चुनौती,कार्यवाही उसी का प्रति उत्तर ऐसी भी जताई जा रही आशंका

भरतपुर में नहीं रुक रही जनप्रतिनिधियों सहित नेताओं की गुंडागर्दी

- रवि सिंह -
एमसीबी,05 जून 2023
(घटती-घटना)।

जनपद उपाध्यक्ष भरतपुर साथ ही भाजपा नेता दुर्गा शंकर मिश्रा की गिरफ्तारी का मामला अब तुल पकड़ता नजर आने लगा है और अब मामले में जनपद पंचायत भरतपुर की महिला अध्यक्ष साथ ही महिलाएं समाने आईं हैं और उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा ने धरने के दौरान भरतपुर सोनहत विधायक पर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा है की जनपद उपाध्यक्ष की गिरफ्तारी विधायक के कहने पर हुई है और पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है। जनपद अध्यक्ष ने विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की जनपद उपाध्यक्ष की गिरफ्तारी विधायक के द्वारा दबाव डालने के कारण अधिकारियों द्वारा कराई गई है और जिसका वह विरोध करने धरना दे रहें हैं।

जनपद अध्यक्ष सहित जनपद सदस्यों ने दिया धरना, ग्रामवासी क्षेत्र वासी भी हैं साथ,जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा

धरना के दौरान जनपद अध्यक्ष ने बताया की क्षेत्र के जनपद उपाध्यक्ष पर झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है और उन्हे विधायक के कहने पर ही गिरफ्तार किया गया है जिसका की वह सभी जनपद सदस्यों के साथ विरोध करने इकठ्ठा हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा की जनपद सदस्यों सहित क्षेत्र की ग्राम की जनता भी पूरे मामले में जनपद उपाध्यक्ष के साथ है और उनके ऊपर की गई गलत कार्यवाही का वह विरोध करते हैं। जनपद अध्यक्ष जनपद सदस्यों ने ग्राम वासियों और क्षेत्रवासियों के साथ धरना दिया और पूरी कार्यवाही को राजनीति से प्रेरित बताया।

तहसीलदार ने जनपद उपाध्यक्ष के विरुद्ध दर्ज कराई है प्राथमिकी,जनपद उपाध्यक्ष की हुई है गिरफ्तारी

जनपद उपाध्यक्ष भरतपुर साथ ही भाजपा नेता दुर्गा शंकर मिश्रा के विरुद्ध भरतपुर के तहसीलदार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी हुई है। मामले में तहसीलदार ने स्वयं के साथ दुर्व्यवहार की बात कही है और उसी आधार पर कार्यवाही पुलिस ने की है जिसमे लोक सेवक के साथ दुर्व्यवहार सहित शासकीय कार्य में बाधा सहित कई कानूनी धाराएं जनपद उपाध्यक्ष के विरुद्ध लगाई गई हैं और उन्हे गिरफ्तार किया गया है।

जनपद उपाध्यक्ष ने मामले में रखा था अपना पक्ष, तहसीलदार के साथ नहीं किया कोई दुर्व्यवहार, दुर्गा शंकर मिश्रा

पूरे मामले में जनपद उपाध्यक्ष साथ ही भाजपा नेता दुर्गा शंकर मिश्रा ने भी अपना पक्ष वीडियो संदेश के माध्यम से सामने रखा है और उन्होंने साफ तौर पर कहा है की उन्होंने कोई दुर्व्यवहार किसी अधिकारी के साथ नहीं किया है और वह एक जनप्रतिनिधि के हैसियत से अधिकारियो से मिलने पहुंचे थे और जिसके बाद उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई।

जनपद उपाध्यक्ष की गिरफ्तारी मामले में राजनीतिक पहलू भी आ रहा सामने

जनपद उपाध्यक्ष भरतपुर की गिरफ्तारी मामले में राजनीतिक पहलू भी सामने आ रहा है और बताया जा रहा है की जनपद उपाध्यक्ष क्षेत्र में काफी जनाधार रखते हैं और उन्होंने सत्ताधारी दल को इस चुनाव में जितने नहीं देने की चेतावनी भी दे रखी थी। जनपद उपाध्यक्ष की गिरफ्तारी उसी चेतावनी की वजह से हुई यह भी लोगों का मानना है और उनकी लोकप्रियता साथ ही उनका जनाधार सत्ताधारी दल के लिए चिंताजनक विषय बना चला आ रहा था और पूरे मामले को उस नजरिए से भी देखा जा रहा है।

मनेंद्रगढ़ थाना में तीन साल पूरा करने वाले निरीक्षक सचिन सिंह भेजे गए बीजापुर

- दैनिक घटती-घटना की खबर का हुआ असर,निरीक्षक सचिन सिंह का मनेंद्रगढ़ थाना से हुई छुट्टी
- अपनी कार्यप्रणालियों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले निरीक्षक सचिन सिंह का तबादला आदेश हुआ जारी
- मनचाही जगह जाने लगा रहे थे जुगत,पकड़ पहुंच नहीं आई काम,भेजे गए बीजापुर

- रवि सिंह -
एमसीबी,05 जून 2023
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने में प्रभारी बतौर तीन साल पूरा कर चुके उप निरीक्षक से निरीक्षक बने सचिन सिंह का तबादला बीजापुर कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश अनुसार उन्हे बीजापुर जिला भेज दिया गया है। निरीक्षक सचिन सिंह की कार्यप्रणालियों को लेकर दैनिक घटती-घटना लगातार खबरें प्रकाशित करता चला आ रहा था और इसे खबर का असर माना जा सकता है जिसके अनुसार विभाग ने पूरे खबरों से संज्ञान लिया और सचिन सिंह निरीक्षक मनेंद्रगढ़ को बीजापुर जिले के लिए स्थानांतरित कर दिया है। उप निरीक्षक रहते हुए मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने के प्रभारी बने सचिन सिंह अपनी पहुंच पकड़ के दम पर निरीक्षक बनकर भी मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने में ही प्रभारी बनकर सेवा दे रहे थे और उन्हे एक ही पुलिस थाने में पूरे तीन साल कार्य करते हो चुके थे। सचिन सिंह का तबादला पुलिस विभाग की खबरों के प्रति सजगता को भी दर्शाता है और तबादले से साबित हुआ की विभाग ने अखबार की खबरों के माध्यम से संज्ञान लिया और दोषपूर्ण कार्यप्रणाली के साथ कार्य कर रहे निरीक्षक का तबादला बीजापुर के लिए कर दिया।

थाना प्रभारी के जाने संबंधी जनता खुशी

मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के बीजापुर तबादला होने से मनेंद्रगढ़ की जनता ने ली राहत की सांस, ज्ञात हो कि मनेंद्रगढ़ की जनता अपने थाना प्रभारी से किस कदर तरस थी जो बयां करना काफी मुश्किल है जिसकी लंबी चौड़ी शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंची भी थी कुछ मामले में तो इनके ऊपर कार्यवाही होनी थी पर उससे बचते नजर आए पर बीजापुर जाने से बच नहीं पाए, पर इन्होंने मनेंद्रगढ़ में अपना 3 साल का कार्यकाल पूरा किया और 3 साल जमकर मनमानी की नियम कायदे कानून इनके लिए खुद नहीं थे तो दूसरे को यह नियम कायदे कानून क्या सिखाते हैं यही वजह है कि इनकी कार्यप्रणाली निम्न स्तर की थी जिस वजह से जनता को राहत की जगह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था अब जो भी थाना प्रभारी आएंगे उनसे मनेंद्रगढ़ की जनता को बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद होगी।

निरीक्षक सचिन सिंह बीजापुर स्थानांतरण होने से मनेंद्रगढ़ शहर में फुट सकते हैं पटाखे

निरीक्षक सचिन सिंह का तबादला होने से मनेंद्रगढ़ शहर के लोगों में हर्ष व्याप्त है और खुशी की कोई ठिकाना नहीं है उनके जाने यह खुशी पूरे शहर में इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है, जिस किसी ने भी तबादले सूची को देखा सभी के मुंह से यह निकला कि ठीक हुआ यह इसी जगह के लाइक थे, लोगों की जुबान पर एक बात आम थी की इनके थाना प्रभारी रहते हुए न्याय कम लोगों को परेशानियां ज्यादा हुई। यह थाना प्रभारी समाज के सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने में असफल रहे सिर्फ समाज को भयभीत करने में यह सफल रहे। उम्मीद है की इनके जाने पर पटाखे भी फुट सकते है।

कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर जाने का ख्वाब टूटा

निरीक्षक सचिन सिंह पूरे शहर में यही कहते थे कि अब मेरा प्रमोशन हो गया है कोरबा, रायगढ़ या बिलासपुर मेरा जान तय है यह बड़े जिले में जाना चाह रहे थे और इन जिले में जाना चाह रहे थे यह बात यह अपने ही शहर में अपने चहेतों को बता रखा था, जिसकी चर्चा काफी आम थी, यह तो यह तक कह रहे थे कि मैं चाहूं तो कुछ दिन के लिए कोरिया चले जाओ और फिर मनेंद्रगढ़ करा कर फिर 3 साल रहूंगा, अब यह सब बातें किसके प्रभाव में कर रहे थे इसका तो पता नहीं पर यह बातें शहर में चर्चा का विषय बनी हुई थी, किसी को उम्मीद नहीं था की यह यहां से जाएंगे सबको लग रहा था कि यह अपने मनपसंद जगह ही जाएंगे जैसे ही सूची आई इस सूची को देखकर सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए।

अच्छी जगह तबादले की जुगत में लगे थे निरीक्षक सचिन सिंह

सूत्रों की माने तो विभाग में अच्छी पकड़ साथ ही राजनीतिज्ञों से अच्छे संबंध के कारण निरीक्षक सचिन सिंह को यह आभास हो चूका था की उनका तबादला तय है और वह इस जुगत में भी लगे हुए थे की उन्हे किसी अच्छी जगह पदस्थापना मिल सके। बताया जा रहा है की निरीक्षक सचिन सिंह कोरबा जिले में अपनी पदस्थापना के लिए प्रयासरत थे और इसके लिए उन्होंने अपनी तरफ से एड़ी चोटी का जोर लगाया हुआ था।

नहीं काम आया कोई जुगाड,पहुंच पकड़ भी पड़ी फीकी

निरीक्षक सचिन सिंह जो अपनी अगली पदस्थापना अच्छी जगह कराने पूरी जोर आजमाइश कर रहे थे और अपनी पहुंच पकड़ का वह पूरा इस्तेमाल कर रहे थे का कोई जुगाड नहीं चल पाया और उन्हे बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिले में स्थानांतरित कर दिया गया। अब निरीक्षक सचिन सिंह का जुगाड कहां नाकाम साबित हुआ यह तो नहीं पता चल सका है लेकिन उनका तबादला यह बताता है की पुलिस विभाग ने वर्षों से गैर नक्सल क्षेत्र में कार्य कर रहे निरीक्षकों का तबादला नक्सल क्षेत्र में किया है जो जारी सूची से जाहिर है।

अपनी दोषपूर्ण कार्यप्रणाली को लेकर काफी लोकप्रिय थे निरीक्षक सचिन सिंह

सचिन सिंह अपनी दोषपूर्ण कार्यप्रणाली को लेकर काफी लोकप्रिय थे। मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने में पदस्थ होने से लेकर पूरे कार्यकाल के दौरान सचिन सिंह लगातार विवादों में ही बने रहे। बात अवैध कारोबार की जाए तो उनके कार्यकाल में यह जमकर फला फुला और जिसकी खबरें भी प्रकाशित होती रहीं लेकिन कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की उन्होंने। कुल मिलाकर इनका पूरा कार्यकाल विवादों में ही बना रहा।

जमीन हड़पने को लेकर पेट्रोल पंप संचालक पर किया गया हमला,08 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

जिले में भू माफियाओं के हौसले किस कदर बुलंद है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब एक जमीन मालिक अपने कब्जे की हुई जमीन को देखने गया तो न केवल उसको बंधक बना लिया गया बल्कि उसके साथ मारपीट करते हुए भयादोहन की भी कोशिश की गई। मानिकपुर पुलिस ने बंधक बनाकर मारपीट और भयादोहन के मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल में दाखिल कर दिया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित कन्हैया लाल प्रसाद के बुधवारी बायपास मार्ग कुआं भट्ठा में संचालित पेट्रोल पंप के पीछे उसकी जमीन मौजूद है जिस पर वहीं रहने वाली अंजोरा बाई का परिवार अपना हक जताता है। जमीन का यह विवाद काफी साल पुराना है और न्यायालय में

विचाराधीन है। के.एल प्रसाद विवादित जमीन को छोड़कर अपनी दूसरी गैर विवादित जमीन पर जरूरी निर्माण कार्य के लिए मजदूरों के साथ चूना से चिन्हांकन करने पहुंचे थे की तभी अंजोरा बाई के परिवार ने विवाद करते हुए लाठी और फावड़ा सहित अन्य हथियारों के साथ हमला कर दिया। जमीन मालिक को बंधक बनाकर उन पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने इसे नाकाम कर दिया एवं पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई जिसपर मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंच हालात को नियंत्रित किया। इस घटना में पेट्रोल पंप संचालक को काफी चोट लगी है। पीड़ित परिवार ने बताया कि अंजोरा बाई का परिवार उस क्षेत्र में काफी विवादित है। उनके द्वारा लोगों की जमीन हड़पने हर तरह का हथकंडा अपनाया जाता है। पीड़ित कन्हैया लाल प्रसाद ने हमले की शिकायत मानिकपुर पुलिस से की जिस पर शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरु कर दी है साथ ही मौके से पुलिस ने अंजोरा बाई सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया है

एवं मामले में बलवा, गाली-गलौच, हत्या का प्रयास,अपहरण कर बंधक बनाने, भयादोहन व जान से मारने की धमकी देने पर धारा 147, 148, 294, 308, 365, 386, 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया है।

हाथ में बंदूक लेकर सोशल मीडिया में रील्स डालना युवक को पड़ा महंगा

- संवाददाता -
कोरबा,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

इन दिनों युवाओं में सोशल मीडिया पर खुद को डॉन दिखाने का ट्रेंड चल पड़ा है। आए दिन युवक इंस्टाग्राम या फेसबुक पर खुद को डॉन दिखाने के लिए हाथ में पिस्टल लेकर रील्स अपलोड करते हैं। ऐसा ही मामला कोरबा के मानिकपुर क्षेत्र से सामने आया , जहां एक युवक ने इंस्टाग्राम पर हाथ में पिस्टल लेकर वीडियो(रील्स) अपलोड किया जिसमे युवक कहता नजर आ रहा है - आप जहां नौकर बनकर आए हैं, हम वहां के मालिक हैं। वीडियो में उसने खुद को डॉन दिखाने की कोशिश की साथ ही नकली पिस्टल से गोली मारते हुए भी दिखाई दे रहा है। मगर यह वीडियो वायरल हो गया और पुलिस के पास पहुंच गया। जिसके बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए युवक को चौकी बुलाकर दोबारा ऐसा न करने की समझाइश दी है। मामले में मानिकपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाला अभिषेक लहरे ने वीडियो अपलोड किया है। वीडियो में उसके साथ कुछ और भी युवक नजर आ रहे हैं। इन वीडियो के जरिए इनका मकसद फेमस होना था। वीडियो को जिस तरह से

दिखाया है, उससे कुछ समय के लिए ऐसा लगने लगेगा कि आप फिल्म के किसी डॉन को ही देख रहे हैं। रील्स में युवक ने अपने आप को वांटेड दिखाया है। मामला पुलिस तक पहुंचा, तब पुलिस ने उसे थाने पर बुलाया और उसे समझाया है।

मामले को लेकर एएसआई अमर नाथ जायसवाल ने बताया कि कोई भी युवा ऐसा ना करें, ऐसे केस में पुलिस खुद संज्ञान लेती है साथ ही ऐसे रील्स बनाने वाले युवाओं पर वैधानिक कार्यवाही करने का भी प्रावधान है द्व ऐसे वीडियो से समाज में अपराध भी बढ़ता है परिजनों को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं पुलिस की समझाइश के बाद अभिषेक लहरे ने अपनी गलती मानते हुए सॉरी कहा और सभी युवाओं से अपील किया की वे भी इस तरह के रीलस ना बनाए इससे अपराध बढ़ता है।

ग्राम पंचायत खड़गवां के द्वारा पशु चिकित्सालय के सामने व्यावसायिक दुकानें निर्माण कर आवंटित किया गया है इन दुकानों के सामने पूरी सड़क पर बेजा कब्जा कर किसी बड़ी दुर्घटना का हो रहा है इंतजार... ?

» शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी नहीं कर रहे कार्यवाही

» राजस्व विभाग तो सिर्फ मूकदर्शक बनकर अतिक्रमण करने वालों को देख रहा है...?

- राजेन्द्र शर्मा -
खड़गवां,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

खड़गवां ग्राम पंचायत के द्वारा पशु चिकित्सालय परिसर के सामने दुकानों का निर्माण कराकर हितग्राहियों को लाटरी निकाल कर आवंटित किया गया है और आवंटन के तहत ग्राम पंचायत खड़गवां ने आवंटन की शर्तें 15 बिंदुओं का था और दुकान आवंटन हेतु 100 रूपए के स्टांप में इकरार नामा कराना होगा जो किया गया ग्राम पंचायत खड़गवां के दुकान आवंटन की शर्तों में जिसमें एक 8 क्रमांक कि शर्त थी कि दुकान जिस रूप में दिया जायेगा पृथक से किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रतिबंधित होगा मगर दुकान आवंटित होने के कुछ दिन बाद ही पशु चिकित्सालय परिसर के मुख्य द्वार से लगे हुए दुकान के हितग्राही प्रदीप साहू मनिहारी दुकान के द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा आवंटित दुकान के रूप को परिवर्तित कर दिया गया और दुकान के आगे बढ़ाकर सड़क के ऊपर बना दिया गया है जिससे बगल के दुकानदारो की दुकाने पूरी तरह से ढक गई है जिन्होंने ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को इससे हटाने के लिए आवेदन किया गया है।

जबकि ग्राम पंचायत खड़गवां ने अपने शर्तों के तहत दुकानें आवंटित किया गया था । जब प्रदीप साहू के द्वारा दुकान का रूप परिवर्तित किया जा रहा था तब ग्राम पंचायत ने अपने शर्तों के तहत निर्माण कार्य को क्यो नहीं रोका ? क्या ग्राम पंचायत खड़गवां के द्वारा आवंटन तक ही 15 कंडिका की शर्तें थी ? क्या ये हितग्राही ग्राम पंचायत का मूल निवासी था? जिसे दुकान के रूप परिवर्तित के लिए ग्राम पंचायत ने सारे शर्तों को दरकिनार करते हुए अनुमति प्रदान दी गई है ?इस दुकान के सड़क पर निर्माण होने से दुघर्टना की संभावना और ज्यादा बढ गई है।

इस दुकान के रूप को परिवर्तित करने के लिए ग्राम पंचायत ने आवंटन से पूर्व शर्त रखी थी उसके बाद भी दुकान आवंटन प्राप्त किए हुए हितग्राही ने दुकान का रूप परिवर्तित किसके अनुमति से किया?

क्या ग्राम पंचायत ने इस हितग्राही को रूप परिवर्तित करने की अनुमति दी थी क्या?

ग्राम पंचायत की उदासीनता के करण कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। लोक निर्माण विभाग के मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे बेजा कब्जाकर दुकान संचालित होने के कारण कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है मामला है कि खड़गवां हॉस्पिटल के सामने दो मुख्य द्वार है एवं जहां पर सड़क किनारे बेजा कब्जा है वो पशु चिकित्सालय के मुख्य द्वार से सट कर है जिससे चिकित्सालय से निकलने वाले वाहनों को मुख्य मार्ग पर कुछ भी दिखाई नहीं देता है एवं खड़गवां हॉस्पिटल से आये दिन दोनों मुख्य द्वार से 108 एवं महतारी एक्सप्रेस और अन्य वाहनों की आवाजाही लगी रहती हैं।लोक निर्माण विभाग के सड़क पर बेजा कर दुकान का संचालन कर रहे हैं। बताना लाजमी होगा कि आये दिन छिटपुट घटनाएं घटित हो रही है हॉस्पिटल से लेकर सेंट्रल बैंक तक काफी भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है एवं दो पहिया वाहनों की कतार भी सड़क पर लगी रहती हैं और इस मुख्य मार्ग पर बड़े बड़े वाहनों की आवाजाही निरंतर जारी रहती हैं।

बेजाकब्जा धारीओ के द्वारा सड़क से सटा कर दुकानों का संचालन होने के कारण सड़क पर दो पहिया वाहनों की भीड़ लगा रहता है और दुकान में ग्राहकों के द्वारा पक्की सड़क पर ही अपनी वाहन को खडा किया जाता है जिससे बड़ी गाडियों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो ट्रक चालकों के साथ बहसा बहसी करते देखे जा सकते हैं।

हास्पीटल के सामने बनी दुकानदारो के द्वारा सड़क से सटा कर अवैध अतिक्रमण किया गया है अगर समय रहते इसे नहीं हटाया गया तो कभी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य ग्राम पंचायत, राजस्व विभाग, और लोक निर्माण विभाग, के अधिकारियों के सामने हुआ है तब ना ही ग्राम पंचायत, राजस्व विभाग ने और ना ही लोक निर्माण विभाग ने इस अतिक्रमण को रोका गया और ना ही किसी प्रकार कि कोई कार्यवाही नहीं किया गया ।

ऐसा लगता है कि ग्राम पंचायत खड़गवां, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है इसी कारण कार्यवाही नहीं कर रहा है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वामी आत्मानंद स्कूल में किया गया पौधारोपण

- संवाददाता -
कोरबा,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप कोरबा वन विभाग के तत्वधान में वार्ड क्रमांक 14 पंप हाउस स्थित आत्मानंद विद्यालय में फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया द्य इस मौके पर कोरबा कलेक्टर संजीव झा, कोरबा एसपी उदय किरण, महापौर राज किशोर प्रसाद, कोरबा डीएफओ अरविंद पी एम, कोरबा रेंजर सियाराम करमाकर, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सपना चौहान सहित बड़ी संख्या में स्कूल बच्चे व वार्ड वासी उपस्थित रहे।

पैसा उगाही मामले में थाना प्रतापपुर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

दिनांक 04.06.23 को वन परिक्षेत्राधिकारी कदौरा विरेन्द्र पाण्डेय ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 मई 23 को इनके मोबाईल पर नए नंबर से फोन करके चुनाव फण्ड के नाम से पैसा की मांग किया गया तब यह पैसा देने से मना करते हुए फोन काट दिये। 4 जून के शाम को क्रेटा कार सीजी 30 डी 9123 से ग्राम डौरा का अभिषेक गुप्ता अपने साथी के साथ इसके घर में घुसकर प्रदेशाध्यक्ष का पैसा लेने आए है बोला गया तब इसने पैसा देने से मना किया, आरोपियों के द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए ईट का टुकड़ा उठाकर फेंक कर मारे। शोर शराबा की आवाज सुनकर आसपास के लोग आने लगे तो उन्हें देखकर वे अपने क्रेटा कार को छोड़कर मौके से भाग गए, पूर्व में भी फोन कर पैसे की मांग की गई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्र. 119/23 धारा 452, 294, 506, 336, 384, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। प्रतापपुर पुलिस के द्वारा घटना स्थल पर आरोपियों द्वारा क्रेटा कार को छोड़कर भाग गए थे उसे जप्त कर सघनता से आरोपियों की पतासाजी करने के दौरान मुखबीर की सूचना एवं नई तकनीक की मदद से आरोपी अभिषेक गुप्ता पिता महेन्द्र प्रसाद गुप्ता उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम डौरा, थाना पस्ता, जिला बलरामपुर को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार किया गया। वहीं मामले में फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

कार्यवाही एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के नेतृत्व में हुई जिसमें एसआई नवल किशोर दुबे, चौकी प्रभारी खड़गवां विमलेश सिंह, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, राजेश यादव, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, अरविन्द पाण्डेय, रौशन सिंह सक्रिय रहे।

पुलिस अधीक्षक ने जनदर्शन में बड़े आत्मीयता के साथ सुनी आमजनता की समस्या

- संवाददाता -
सूरजपुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने सोमवार को पुलिस जनदर्शन का आयोजन कर आमजनता की समस्याओं को बड़े आत्मीयता के साथ फरियादियों को पास में बैठाकर सुना और उसके त्वरित निराकरण के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रतापपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पट्टे की जमीन पर जबरन कब्जा करने सहित अन्य के द्वारा लड़ाई-झगड़ा करने की शिकायत दिया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना-चौकी प्रभारियों का शिकायतों का जल्द जांच कर कार्यवाही करने तथा किए गए कार्यवाही से फरियादी को भी अवगत कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी सिरिल एक्का सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202305021200013 /अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक ईश्वर प्रसाद यादव आ0 स्व0 दुबराज यादव निवासी मोहल्ला जैलपारा बाबूपारा अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला बाबूपाश नगर अम्बिकापुर प्लाट नम्बर 3502/4 रकबा 0.04 एकड़ को बैक में बंधक रखने की अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मैन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश किया गया है ।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28/06/2023 तक इस न्यायालय नें प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक30/ 5/2023 को मेरे हस्ताक्षर कि पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ.ग.

रा.प्र.क्र./अ-2/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्दन कुमार गुप्ता आ0 विजय प्रसाद गुप्ता व नैन्सी गुप्ता पत्नी चन्दन कुमार गुप्ता जाति जाति सूड़ी ग्राम/नगर महामाया पारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्किापुर खसरा नंबर 2298/8, रकबा 0.020 हे0 में से 0.012 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, सेटलमेन्ट, ले-आउट रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोईआपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 16/06/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू- अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

डब्ल्यूटीसी मैच में नई जर्सी में दिखेगी भारतीय क्रिकेट टीम

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम 10 वर्षों के इस सूखे को इस साल जरूर खत्म करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी

लंदन,05 जून 2023। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात जून से 11 जून तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। इंग्लैंड के लंदन स्थित ओवल स्टेडियम में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए टीमें जोरदार तैयारियां करने में जुटी हुई है। इस बेहद ही खास मुकाबले में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें नई जर्सी पहने हुए नजर आएंगी।

खास मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम और भारतीय टीम के लिए नई जर्सी को लॉन्च कर दिया गया है। इस नई जर्सी में भारतीय टीम ने खास फोटोशूट भी करवाया है जो बेहद शानदार है। भारतीय टीम की नई जर्सी पर आईसीसी डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 लिखा हुआ है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7-11 जून तक महामुकाबला यानी वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयन का फाइनल लंदन के ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस खास मुकाबले के लिए एक नई जर्सी लॉन्च की गई है। जिसको पहनकर टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने धमाकेदार फोटोशूट करवाया। इस जर्सी पर आईसीसी डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 लिखा हुआ है। कप्तान रोहित शर्मा, स्टार क्रिकेटर विराट कोहली, स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा समेत टीम इंडिया के बाकी खिलाड़ियों का धांसू फोटोशूट हुआ है, जिसकी तस्वीरें बीसीसीआई ने शेयर की हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का आधिकारिक किट स्पॉन्सर एडिडास बना है। वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयन के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम पहली बार एडिडास की जर्सी पहनकर उतरेगी। बता दें कि एडिडास पहले ही भारतीय टीम के लिए टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैचों की जर्सी लॉन्च कर चुका है। वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयन के फाइनल मुकाबले के लिए पहली बार फैंस को जर्सी देखने को मिली है।

जमकर प्रैक्टिस कर ही भारतीय टीम

गौरतलब है कि भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड के लंदन पहुंचने के बाद लगातार ग्राउंट पर चैंपियनशिप के लिए जोरदार प्रैक्टिस करने में जुटी हुई है। इस चैंपियनशीप को जीतने के लिए टीम के खिलाड़ी मैदान पर जमकर पसीना बहाते दिख रहे है। बता दें कि ये दूसरी बार है जब भारतीय टीम ने लगातार चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में जगह बनाई है। इससे पहले वर्ष 2019-21 में भी इस लीग के संस्करण के दौरान भारतीय टीम फाइनल तक पहुंचने में सफल हुई थी। हालांकि इस मुकाबले में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड से मात खानी पड़ी थी।

बता दें कि टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ही आईसीसी की ओर से इस टूर्नामेंट की शुरुआत की गई है। जानकारी के मुताबिक भारतीय टीम वर्ष 2013 के बाद से कोई भी आईसीसी टूर्नामेंट को जीत नहीं सकी है। हालांकि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम 10 वर्षों के इस सूखे को इस साल जरुर खत्म करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

ओवल पर ऐसा है भारत का रिकॉर्ड

आंकड़ों के अनुसार भारत ने लंदन के ओवल में कुल 14 मुकाबले खेले है। इन मुकाबलों में भारत को दो टेस्ट मुकाबलों में जीत और पांच में हार मिली है। वहीं ओवल के मैदान पर खेले गए सात मुकाबले ड्रॉ पर खत्म हुए है। बता दें कि भारतीय टीम ने इस ग्राउंड पर पहली बार वर्ष 1936 को इंग्लैंड के खिलाफ ही मुकाबला खेला था। इस मुकाबले में भारतीय टीम को नौ विकेट से मात खानी पड़ी थी। ओवल के मैदान पर भारतीय टीम को सबसे पहले 1971 में जीत मिली थी। भारतीय टीम ने इस मैच में इंग्लैंड को दूसरी पारी में 101 रन पर ऑलआउट किया था। भारतीय टीम ने इस मुकाबले में चार विकेट शेष रहते हुए शानदार जीत हासिल की थी।

महिला जूनियर हॉकी एशिया कप में भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराया

काकामिगाहारा ,05 जून 2023। भारतीय टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया को सोमवार को 2 . 1 से हराया। भारत के लिये मुमताज खान ने दसवें और दीपिका ने 26वें मिनट में गोल किया। मलेशिया के लिये डियान नजेरी ने छठे मिनट में गोल दागा। इस जीत के बाद भारत पूल ए में शीर्ष पर है जिसने पहले मैच में उजबेकिस्तान को 22 . 0 से शिकस्त दी थी। भारत ने पहले मिनट से ही आक्रामक खेल दिखाया और कुछ पेनल्टी कॉर्नर बनाये हालांकि उन पर गोल नहीं हो सका। दूसरी ओर मलेशिया ने शुरूआत में गेंद पर नियंत्रण में बाजी मारी और छठे ही मिनट में नजेरी ने उसके लिये गोल कर दिया।मलेशिया की बढत हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही और चार मिनट बाद मुमताज ने पेनल्टी कॉर्नर पर भारत के लिये बराबरी का गोल किया। हाफ टाइम से चार मिनट पहले भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे दीपिका ने गोल में बदला। हाफटाइम के बाद कोई टीम गोल नहीं कर सकी। भारत का सामना मंगलवार को तीसरे पूल मैच में कोरिया से होगा।

श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हराकर सीरीज बराबर की

हंबनटोटा ,05 जून 2023। श्रीलंका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में अफगानिस्तान को 132 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली।

मेज़बान टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए डिमुथ करुणारत्ने (52) और कुसल मेंडिस (78) के अर्द्धशतकों की मदद से अफगानिस्तान के सामने 324 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में अफगानिस्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (57) और इब्राहीम ज़ादरान (54) के अर्द्धशतकों के बाद भी 191 रन पर ऑलआउट हो गयी।

श्रीलंका की इस जीत में योगदान देते हुए वानिंदू हसरंगा और धनन्जय डी सिल्वा ने तीन-तीन विकेट लिये, जबकि दुश्मंता चमीरा ने दो विकेट चटकाये। महीष तीक्षणा को एक सफलता हासिल हुई।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का चुनी और करुणारत्ने ने पथुम निसंका के साथ पहले विकेट के लिये 82 रन की साझेदारी की। निसंका ने 56 गेंद पर छह चौकों की मदद से 43 रन बनाये, जबकि करुणारत्ने ने 62 गेंद पर 52 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान के स्पिनरों ने इन दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया लेकिन इसके बाद मेंडिस ने पिच पर पांव जमा लिये। मेंडिस ने 75 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 78 रन बनाते हुए सदीरा समरविक्रमा के साथ 88 रन की साझेदारी की। समरविक्रमा ने भी पांच चौकों की सहायता से 44 रन का योगदान दिया।

चरित असलंका (12 गेंद, छह रन) भले ही छोटे स्कोर पर आउट हो गये, लेकिन डी सिल्वा (24 गेंद, 29 रन), दसुन शनाका (13 गेंद, 23 रन) और हसरंगा (12 गेंद, 29 रन) ने अंत में तेजी से रन जोड़ते हुए श्रीलंका को 300 रन के पार पहुंचा दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान कभी भी जीत की ओर बढ़ती हुई नहीं लगी। मेहमान टीम ने रहमानुल्लाह गुरबाज़ का विकेट गंवाने के साथ सिर्फ 10 ओवर में सिर्फ 33 रन जोड़े। इब्राहीम ने रहमत शाह (42 गेंद, 36 रन) के साथ 51 रन की जबकि हशमतुल्लाह के साथ 84 रन की साझेदारी की, हालांकि रनगति धीमी होने के कारण अफगानिस्तान पर दबाव बढ़ता गया।

अफगानिस्तान के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले हशमतुल्लाह ने 62 गेंद पर 57 रन बनाये, जबकि इब्राहीम ने 75 गेंद पर 54 रन की पारी खेली। इब्राहीम के रूप में अफगानिस्तान का तीसरा विकेट 146 रन पर गिरने के बाद टीम को 19.3 ओवर में 177 रन की जरूरत थी।

रनगति के दबाव में अफगानिस्तान के आखिरी सात विकेट सिर्फ 45 रन के अंदर गिर गये और पूरी टीम 191 रन पर ढेर हो गयी।

श्रीलंका ने इस जीत के साथ शृंखला बराबर कर ली है। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच बुधवार को खेला जायेगा।

फ्रेंच ओपन : खचानोव ने रखा अंतिम-आठ में कदम

पेरिस ,05 जून 2023। रूस के कारेन खचानोव ने फ्रेंच ओपन में अपना विजय रथ आगे बढ़ाते हुए प्री-क्वॉर्टरफाइनल में इटली के लोरेंज़ो सोनेगो को मात दी।

कोर्ट सूज़न-लेंगलेन पर खेले गये मुकाबले में 11वीं सीड खचानोव ने सोनेगो को 1-6, 6-4, 7-6 (9-7), 6-1 से हराकर क्वॉर्टरफाइनल में कदम रखा।

खचानोव ने इससे पहले अमेरिकी ओपन 2022 और ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के क्वॉर्टरफाइनल में भी जगह बनायी थी। इस बार शीर्ष-आठ मुकाबले में खचानोव का सामना 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच या पेरू के हुआन पाबलो वारिलास से होगा।

खचानोव ने जीत के बाद कहा, दूसरा सेट आधा समाप्त होने के बाद मैं सोच रहा था कि मैं यहां क्या कर रहा हूं। वह गेंद को कोर्ट के चारों ओर मार रहा था, लेकिन मैंने संघर्ष करने का फैसला किया। सोनेगो ने मुकाबले की मज़बूत शुरुआत करते हुए पहला सेट जीता, जबकि खचानोव को भी लय हासिल करने में समय लगाया। खचानोव ने दूसरे सेट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। तीसरे सेट में सोनेगो ने 4-0 की बढ़त बना ली, लेकिन लय बरकरार न रख पाने के कारण वह 5-6 से पिछड़ गये।

खचानोव ने इसका फायदा उठाते हुए टाइब्रेकर में यह सेट जीत लिया। सोनेगो इससे उभर नहीं सके और चौथे सेट में सिर्फ एक गेम जीतने के कारण हारकर रोलां गैरो से बाहर हो गये।

इसी बीच, एनेस्तेसिया पावल्युचेंकोवा ने चौथे दौर में बेल्जियम की एलिसे मर्टेन्स को 3-6, 7-6 (7-3), 6-3 से मात दी। रूसी खिलाड़ी अब दूसरे रोलां गैरो सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये कैरोलीना मुकोवा या एलिना अवनेस्यान का मुकाबला करेंगी।

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज इस वजह से हुआ टेस्ट चैंपियनशिप से बाहर

नई दिल्ली,05 जून 2023। सात जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 का फाइनल मैच खेला जाएगा। इंग्लैंड के ओवल में होने वाले इस मैच से पहले कंगारू टीम को करारा झटका लगा है। जोश हेजलवुड चोट के चलते इस मैच से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह माइकल नेसर को टीम में शामिल किया गया है। जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं और उनकी शानदार गेंदबाजी के चलते ही ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में भारतीय टीम 36 रन पर समेट दिया था। इस पारी में हेजलवुड ने पांच विकेट लिए थे। हेजलवुड लंबे समय से चोट से जूझ रहे हैं। आईपीएल 2023 में भी वह आरसीबी के लिए सिर्फ नौ ओवर की गेंदबाजी कर पाए थे। वह टूर्नामेंट खत्म होने से पहले ही चोट के चलते अपने देश लौट गए थे।

टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच से पहले उनके फिट होने की उम्मीद थी। इसी वजह से उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह समय पर फिट नहीं हो पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद इंग्लैंड में एशेज सीरीज खेलनी है। इसी वजह से ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनेजमेंट हेजलवुड की चोट को लेकर कोई जोखिम नहीं उठा रहा है। हेजलवुड की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किए गए माइकल नेसर शानदार फॉर्म में हैं। इंग्लैंड की कंट्री चैंपियनशिप में ग्लैमरगन के लिए नेसर हाल ही में बेहतरीन प्रदर्शन किया। 33 वर्षीय ऑलराउंडर ने पांच मैचों में 19 विकेट लिए और ससेक्स के खिलाफ अपने आखिरी डिवीजन टू मैच में शतक बनाने में भी कामयाब रहे।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपने करियर के दौरान सिर्फ दो टेस्ट ही खेले हैं, लेकिन प्लेइंग 11 में जगह बना सकते हैं और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए साथी कप्तान पैट कमिंस और साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के साथ खेल सकते हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम में तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में स्कॉट बोलैंड के खेलने की संभावना ज्यादा है। 34 वर्षीय बोलैंड ने अपने देश के लिए सात टेस्ट खेले हैं और 13.42 की औसत से 28 विकेट लिए हैं।

ईलम चंद इन्सां ने ओपन नेशनल स्पोर्टस चैम्पियनिशप में जीते चार गोल्ड

सिरसा ,05 जून 2023। कहते हैं कि अगर इंसान के हौसले बुलंद हों तो आगे बढने में कभी उम्र आड़े नहीं आती तथा अपने संघर्ष और जज्बे से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। यह साबित कर दिखाया है 90 बसंत देख चुके व्योवृद्ध खिलाड़ी ईलम चंद इन्सां ने। ईलम चंद इन्सां ने न केवल अपनी उम्र के बल्कि अपने पोतों की उम्र के प्रतिद्वंद्वियों को हरा कर मेडलों के चौहरे शतक लगा चुके हैं।

शाह सतनाम जी नगर में रहने वाले अंतरराष्ट्रीय योग खिलाड़ी व वयोवृद्ध एथलीट ईलम चंद इन्सां ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गुडग़ांव में रुरल इंडिया स्पोर्ट्स डिवलपमेंट प्रोग्राम के तहत हुई ओपन नेशनल स्पोर्टस चैम्पियनिशप में चार स्वर्ण हासिल किए है। ईलम चंद इन्सां ने अपनी जीत का पूरा श्रेय डेरा सच्चा सौदा, सिरसा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की पावन शिक्षाओं और रहमत को दिया।

गुडग़ांव के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में तीन दिवसीय रुरल इंडिया स्पोर्टस डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ओपन नेशनल स्पोर्टस चैम्पियनिशप का आयोजन हुआ। जिसमें 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपने जौहर दिखाए। बुजुर्ग एथलीट ईलम चंद इन्सां ने 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में खेलते हु ए पोल वोल्ट, लॉन्ग जम्प व हाई जंप में स्वर्ण पदक और योगा में 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा व गांव शाह सतनाम जी पुरा का नाम रोशन किया।

भारत ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को हराया

लंदन ,05 जून 2023। भारत ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 (4-4) से मात दी। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (सातवां मिनट), मनदीप सिंह (19वां मिनट), सुखजीत सिंह (27वां मिनट) और अभिषेक ने गोल किये, जबकि ब्रिटेन की ओर से सैम वॉर्ड (आठवां, 40वां, 47वां मिनट, 53वां मिनट) ने चार गोल दागकर मुकाबले को शूटआउट में पहुंचा दिया।

शूटआउट में हालांकि भारत का पलड़ा साफ तौर पर भारी रहा। मेहमान टीम की ओर से मनप्रीत, हरमनप्रीत, ललित और अभिषेक ने गोल किये। ब्रिटेन के लिये कालनन और ज़ैकरी वॉलेस ही गोल कर सके।

पिछले मैच में ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम को 5-1 से हराने के बाद भारतीय टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरी। ब्रिटेन ने तीसरे मिनट में खाता खोलने का प्रयास किया लेकिन युवा गोलकीपर कृष्णा पाठक ने इस प्रयास को असफल कर दिया। ब्रिटेन छठे मिनट में मिली पेनल्टी कॉर्नर पर भी गोल नहीं कर सका, जबकि एक मिनट बाद हरमनप्रीत ने शॉर्ट कॉर्नर पर गोल करके भारत का खाता खोल दिया।

मेहमान टीम की बढ़त हालांकि कुछ देर तक ही रही और वॉर्ड ने दर्शनीय ड्रैग फ्लिक के साथ गेंद को नेट में पहुंचाकर स्कोर बराबर कर दिया। ब्रिटेन 15वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर सका लेकिन चार्टर खत्म होने से पहले भारत की बढ़त समाप्त कर दी थी। दूसरे चार्टर में भी भारत की फॉरवर्ड पंक्ति ने जौहर दिखाने का मौका नहीं छोड़ा।अभिषेक 18वें मिनट में गेंद को लेकर ब्रिटेन के सर्किल में पहुंच गये। वह इस मौके को गोल में नहीं बदल सके, लेकिन मनदीप ने अगले ही मिनट में गेंद को गोली की रफ्तार से ब्रिटेन के नेट में पहुंचा दिया।

बढ़त लेने के बाद भी भारत की रफ्तार कम नहीं हुई और हाफ टाइम से दो मिनट पहले सुखजीत ने हार्दिक सिंह की मदद से मेहमान टीम का तीसरा गोल किया।

एसएसएमबी 28 शीर्षक गुंटूर करमः महेश बाबू स्टारर का फर्स्ट लुक और टीजर आउट

सुपर स्टार महेश बाबू और शब्दों के जादूगर त्रिविक्रम श्रीनिवास के घातक संयोजन में तीसरी फिल्म एसएसएमबी28 का शीर्षक, सुपरस्टार महेश बाबू के कट्टर प्रशंसकों द्वारा सदाबहार सुपरस्टार कृष्णा के बर्थ एनिवर्सरी के अवसर पर लॉन्च किया गया है। टाइटल लॉन्च इवेंट सुदर्शन थिएटर में हुआ। फिल्म का शीर्षक गुंटूर करम है, जिसकी टैगलाइन अत्यधिक ज्वलनशील है, और शीर्षक के साथ-साथ शीर्षक दोनों ही सुपर प्रशंसकों और जनता को खुश करेंगे। शीर्षक और कैप्शन बहुत ही आकर्षक है। झलक में आते ही, महेश बाबू हाथ में एक छड़ी लेकर हरकत में आ जाते हैं, क्योंकि मिर्ची यार्ड में हर कोई उनका इंतजार कर रहा होता है। एंडी अट्टा सोस्तुन्नव... बीड़ी 3डी लो कनबदुथुंडा... महेश बाबू गरजता है, जब वह जमीन पर झुक जाता है और दो माचिस की तीलियों से बीड़ी जलाता है।

यह झलक महेश बाबू की दमदार स्क्रीन उपस्थिति, स्टाइलिश अपीयरेंस और बोलने के तरीके से प्रभावित करती है। उन्होंने गुंटूर कठबोली बोली। पीएस विनोद का कैमरा वर्क बेहद सराहनीय है, जिसमें एस थमन ने महेश बाबू के चरित्र को सभी ऊंचाई देने के लिए एक जबरदस्त स्कोर दिया है।

त्रिविक्रम श्रीनिवास ने महेश बाबू को एक और ट्रांसफॉर्मेशन दिया है। उच्च बजट वाली फिल्म को एस राधाकृष्ण और नागा वामसी द्वारा हरिका और हसीन क्रिएशंस के तहत बैंकरोल किया गया है। फिल्म में पूजा हेगड़े, श्रीलीला और जगपति बाबू प्रमुख भूमिकाओं में हैं। गुंटूर करम का संपादन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तकनीशियन नवीन नूली द्वारा किया जाएगा, जबकि टीम में कला निर्देशक एएस प्रकाश भी शामिल हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म 13 जनवरी, 2023 को संक्रांति के लिए सिनेमाघरों की शोभा बढ़ाएगी।

तितली बनकर होश उड़ाती नजर आईं पलक तिवारी,खूबसूरती देखकर फैंस हुए बेताब

एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनका स्टाइलिश लुक और खूबसूरती फैंस के सिर आंखों पर चढ़कर बोलती है। वहीं, लेटेस्ट बटरफ्लाई आउटफिट में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी ऑरेंज और ब्लैक कलर में तितली आउटफिट में एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। पलक तिवारी इस बोल्ड आउटफिट के साथ ओपन हेयर स्टाइल में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी सोख अदाओं से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी फेमस एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं। लेकिन, दोनों को एक साथ खड़ा देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज और मनमोहक स्माइल से सभी का दिल घायल कर देती हैं। पलक तिवारी आदित्य सील के साथ मंगता है क्या गाने में भी काम कर चुकी हैं। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है। ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि पलक तिवारी को इंस्टाग्राम पर 3.6 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। पलक तिवारी अपनी मां श्वेता तिवारी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं।

भूल भुलैया 2: तमिल में बनेगा इस सुपरहिट फिल्म का रीमेक,सिंघम के निर्माता लगाएंगे दांव

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 एक बार फिर चर्चा में आ गई है। जहां अब भूल भुलैया 3 की तैयारी चल रही है, वहीं खबर है कि दूसरे भाग की लोकप्रियता देख अब इसे तमिल में बनाया जा रहा है, ताकि तमिल भाषी दर्शक भी इसका लुत्फ उठा सकें। भूल भुलैया के बाद भूल भुलैया 2 को भी दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। अब साउथ के निर्माता इसी लोकप्रियता को अपनी फिल्म में भुनाना चाहते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतिष्ठित निर्माता ज्ञानवेल राजा ने फिल्म को बनाने के राइट्स हासिल कर लिए हैं। वह तमिल रीमेक बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ज्ञानवेल के अलावा साउथ के दूसरे निर्माता भी अधिकार हासिल करने की दौड़ में शामिल थे। ज्ञानवेल ने भी इस खबर की पुष्टि कर दी है। अब बेशक उन दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं होगा, जो भूल भुलैया 2 के तमिल संस्करण की राह देख रहे थे।

ज्ञानवेल ने कहा ,हां, मैंने भूल भुलैया 2 के साउथ रीमेक राइट्स खरीदे हैं। मेरा मानना है कि यह एक अलग अंदाज में यहां बताई जाने वाली एक अच्छी कहानी साबित होगी। फिल्म के लिए कलाकारों का चयन मैंने अभी नहीं किया है। कास्टिंग प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही कलाकारों के नाम पर मोहर लगेगी। ज्ञानवेल प्रोडक्शन कंपनी स्टूडियो ग्रीन के मालिक हैं। उन्होंने परुथीवीरन, सिंघम, नान महान अल्ला, सिरुथाई और मद्रास जैसी कई यादगार फिल्में बनाई हैं।

क्या राजधानी बन रहा है शराबियों का अड्डा

-सोनू कुमार-
रायपुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।राजधानी में लगातार प्रशासन होटल एवं अन्य स्थानों पर छापेमारी कर रही है लेकिन अवैध कार्यों को रोकने में प्रशासन पूर्ण रूप से असफल होता दिखाई दे रहा है। अगर आपको 10:00 बजे के बाद शराब पीनी है तो आप व्हीआईपी रोड जा सकते हैं रात 10:00 बजे के बाद से सुबह 5:00 बजे तक व्हीआईपी रोड की रात रंगीन होती है वहां आपको अनेक प्रकार के नशीले पदार्थ मिल जाएंगे एक तरफ प्रशासन और एक तरफ नशीले पदार्थ बेचने वाले लोग....

सवाल नंबर 1.. क्या प्रशासन को उनके कारनामों के बारे में पहले से जानकारी है।

सवाल नंबर 2.. अगर जानकारी है नहीं है तो प्रशासन बैठकर के क्या कर रही है।

-फाईल:फोटो-

सवाल नंबर 3 क्या प्रशासन खुद चाहती है कि इन ठिकानों पर मिलने वाले अनेक प्रकार के नशीले पदार्थ को बंद नहीं करना है।

सवाल नंबर 4 क्या नशीले पदार्थ वाले और प्रशासन के बीच कोई सांठगांठ है।

क्या इस तरह बनेगा बच्चों का भविष्य

जिस प्रकार से नाबालिक बच्चे इन नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं क्या आने वाले समय में इन बच्चों का भविष्य खराब हो सकता है माता और पिता लाखों रुपए खर्च करके इन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं और दूसरी तरफ प्रशासन नशीले पदार्थ को लेकर मौन है...।

जिस तरीके से कांग्रेस के काल में आज छोटे-छोटे बच्चों को नशीले पदार्थों की जो लत लग रही है वह पूर्ण रूप से गलत है सरकार और प्रशासन को प्रदेश हित में कार्य करना चाहिए ना कि कांग्रेस पार्टी के हित में कार्य करना चाहिए भूपेश बघेल अपने भाषणों में कहा था कि गड़बो नवा छत्तीसगढ़ अगर यह ही नवा छत्तीसगढ़ है तो ऐसा छत्तीसगढ़ हमें नहीं चाहिए पूर्ण रूप से हम अवैध शराब गांजा अनियमित संचालित होटल एवं कार्यों का घोर विरोध करते हैं

नरेश पिल्ले
भाजयुमो माना मंडल अध्यक्ष

हम किसी को लत नहीं लगा रहे हैं हमने तो 100 प्रकार के शराब दुकानों को बंद किया है और सर्वे के मुताबिक 25 प्रतिशत जनता ने तो शराब पीना बंद कर दिया है बाकी जो समस्याएं रेस्टोरेंट्स में आ रही है तो हम आपको बता दें कि कांग्रेस पार्टी इस कार्य में 24 घंटे 12 महीने कार्य कर है लेकिन कुछ कुछ घटनाएं जो सामने आती है उसके लिए हम प्रशासन को भी बताते शासन को भी बताते हो और उसके तहत कार्रवाई भी होती है लेकिन यह जो नशे का कारोबार छत्तीसगढ़ में पिछले 15-20 वर्षों से चल रहा है वह 1 दिन में बंद नहीं हो सकता लेकिन एक दिन बंद जरूर होगा हम सब युवा कांग्रेसी और कांग्रेस कार्यकर्ता इस मुहिम को चला रहे हैं

अंशुल मिश्रा
प्रवक्ता युवा कांग्रेस



गोधन योजना के हितग्राहियों के खाते में पहुंची 21.31 करोड़ रूपए की राशि

» मुख्यमंत्री ने गोधन योजना के हितग्राहियों के खाते में ऑनलाईन जारी 21.31

रायपुर,05 जून 2023(ए)। मुख्यमंत्री ने गोधन योजना के हितग्राहियों के खाते में ऑनलाईन जारी 21.31 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। इस राशि में 16 मई से 31 मई तक गौठानों में क्रय किए गए गोबर के एवज में ग्रामीण पशुपालकों को भुगतान की जा रही 4.91 करोड़ रूपए तथा गौठान समितियों को 8.98 करोड़ एवं स्व-सहायता समूहों को 6.29 करोड़ रूपए की लाभांश राशि तथा गौठान समितियों ने पदाधिकारियों के मानदेय की राशि 1.13 करोड़ रुपए की राशि शामिल है। गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को इस राशि को मिलाकर अब तक 538 करोड़ 89 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

सड़क पर गंदगी-धूल का गुबार

अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड पहुंच मार्ग की हालत खराब

रायपुर,05 जून 2023(ए)। अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड आने-जाने वाले यात्रियों को इन दिनों धूल फांक कर बस स्टैण्ड पहुंचना पड़ रहा है। पुलिस लाईन से लेकर नेहरूनगर, वीरभद्र नगर, मठपारा और रावणभाठा से लेकर भाठागांव चौक तक धूल के गुबार से सराबोर है। मुख्य मार्ग की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यहां से दोपहिया वाहन चालकों को भी निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर में इन दिनों पाईप लाइन बिछाने जगह-जगह खोदे गए गड्ढे जहां मुसीबत का सबस बने हुए हैं। तो वहीं पुलिस लाईन ने अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड तक मार्ग चौड़ीकरण, नाली निर्माण, विद्युत पोलों की शिफ्टिंग, पेड़ों की कटाई का काम चल रहा है। परिणामस्वरूप यह मार्ग धूल और गंदगी से पट गया है। बावजूद इसके कोई जिम्मेदारी इसकी सुध लेने को तैयार नहीं दिखते। ऐसा नहीं है कि इस मार्ग का उपयोग केवल आम नागरिक करते हैं, यह अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड पहुंचने का एक मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से अधिकारियों का काफिला भी गुजरता है, बावजूद इसके इस मार्ग की जर्जर स्थिति सुधारने कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस मार्ग का उपयोग शहर से बस स्टैण्ड जाने वाले हजारो यात्री, वाहन वाहन करते हैं, यहां तक कि कई यात्री बसें भी इसी मार्ग से आना-जाना करती हैं, बावजूद इसके यह मार्ग उपेक्षा का शिकार हो गया है। पहले मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर इस मार्ग के दर्जनों हरे-भरे पेड़ों को काटा गया। इसके बाद नाली निर्माण के लिए तोड़फोड़ की गई। वर्तमान में विद्युत पोलों की शिफ्टिंग चल रही है। मार्ग चौड़ीकरण का काम भी साथ ही साथ चल रहा है। परिणामस्वरूप इस मार्ग की हालत वर्तमान में दयनीय हो गई है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां से पैदल चलना भी दुभर हो गया है। वर्तमान में यहां से एक वाहन के गुजरते ही धूल का गुभार ऐसा उठता है कि राहगीर और वाहन चालकों की हालत खराब हो जाती है। इस बात को लेकर अब रहवासियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मानसून सिर पर है, सड़क में फैली गंदगी, मिट्टी से जहां धूल का गुबार उड़ रहा है तो वहीं बारिश के आते ही यह कीचड़ में तब्दील हो जाएगा और सीधे लोगों के घरों तक पहुंचेगा।

एनआईआरएफ ने जारी की रैंकिंग लिस्ट

रायपुर के आईआईएम को मिला 14वां स्थान

रायपुर ,05 जून 2023(ए)। शिक्षा और विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने आज (5 जून) सुबह 11 बजे नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग 2023 जारी की। सूची रैंकिंग प्लेटफॉर्म की आधिकारिक वेबसाइट एनआईआरएफ इंडिया.ओआरजी पर उपलब्ध है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एक बार फिर से देश का टॉप रैंक का इंस्टीट्यूट बनने में सफल हुआ है। लगातार पांच सालों से आईआईटी मद्रास देश का टॉप रैंक इंस्टीट्यूट रहा है। तीसरे स्थान आईआई टी-दिल्ली ने हासिल किया है, इसके बाद आईआई टी-बॉम्बे, आईआई टी-कानपुर और आईआईटी-रुड़की हैं।वहीं छत्तीसगढ़ रायपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को 45.71 अंक से 65वां रैंक मिला है और रायपुर के मैनेजमेंट कॉलेज इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट को 14वां रैंक मिला।

दत्तक ग्रहण केंद्र में महिला मैनेजर बनी हैवान

» 2 मासूम बच्चियों की बेरहमी से की पिटाई

» महिला मैनेजर हुई गिरफ्तार,डब्ल्यूसीडी अफसर सस्पेंड

» मासूम को जमीन पर पटका,मारे थे कई थप्पड़

कांकेर,05 जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। जहां पर एक महिला 2 मासूम बच्चियों को बेरहमी से पिट रही है। कांकेर के शिवनगर में बनाये गए दत्तक ग्रहण केंद्र की मैनेजर ने मासूम बच्चियों की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में प्रोग्राम मैनेजर बच्चे को जमीन में पटकते नजर आ रही है। कांकेर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ल को इस घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने कार्यवाही के निदेश दिए है। दत्तक ग्रहण केंद्र में छापे मारी की गई है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह से एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जहां पर दत्तक ग्रहण केंद्र की प्रोग्राम मैनेजर सीमा द्विवेदी 2 मासूम बच्चियों की बेरहमी से पिटाई कर रही है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह एक महिला बच्ची के बाल पकड़कर जमीन में पटक रही है। वीडियो के सामने आने के बाद

दत्तक केंद्र में बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

वही खबर ये भी है की महिला और उसके बॉयफ्रेंड के बीच विवाद हुआ तो बौखलाई मैनेजर इसका पूरा गुस्सा बच्चों पर उतार दिया । यहां के बच्चे महीनों से प्रताड़ना सह रहे हैं। अब इस मामले में जिला प्रशासन ने कारवाई की बात कही है।

कांकेर के दत्तक केंद्र में प्रोग्राम मैनेजर की करतूत पर प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा है कि वो एक एनजीओ की अधिकारी है, जो नौकरी के नाम पर मस्ती कर रही, सरकार के पास हिम्मत हैं तो उस महिला के ऊपर एफआईआर करवाए और उस एनजीओ को ब्लैक लिस्टेड करवाए,वो एनजीओ बच्चो का आश्रय गृह नहीं बल्कि प्रताड़ना गृह हैं।

बाल संरक्षण आयोग करेगा मामले की जांच

वहीं दूसरी ओर इस मामले की जांच छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग करेगा। इसके लिए आयोग की टीम आज ही केंद्र पहुंचेगी। साथ ही जांच टीम को मौके पर जाकर प्रतिवेदल देने के आदेश दिए गए हैं। आयोग की ओर से इस संबंध में मामला दर्ज कराने के लिए भी कहा गया है। आयोग के अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम ने सदस्य अगस्टीन बर्नाड को कांकेर में घटना स्थल पर जाकर विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शाम तक जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

मिश्रा पर 50 हजार लेकर मामला रफा-दफा करने का आरोप

इससे पहले इस मामले की शिकायत महिला बाल विकास अधिकारी रहे सीएस मिश्रा तक भी पहुंची थी। आरोप है कि, अफसर ने 50 हजार लेकर मामला दबा दिया। कैमरे रात में बंद रहते हैं। दत्तक केंद्र में बच्चों की सुरक्षा के लिए बरामदे, गेट समेत अन्य जगह आठ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। मैनेजर रोजाना रात कैमरे बंद कर देती है। वहीं कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। साथ ही जांच के आदेश दिए हैं।

ईडी ने किया शराब घोटालेबाजों के नाक में दम

-सोनू कुमार-
रायपुर,05 जून 2023 (घटती-घटना)।रायपुर में लगातार ईडी के छापे और शराब घोटालों का विवाद चल रहा है वह रुकने का नाम नहीं ले रहा है कल गंजपारा तेलगानी नाका के दारू भट्टी में लोगों ने ओवररेट को लेकर खूब नारेबाजी की उन्होंने ओवर रेट में संरक्षण मिल रहा है कहा और बताया कि इन सब के पीछे अरविंद साहू का हाथ है वो वही है जो ओवर रेट चलाने के लिए कह रहे हैं मुख्य बात यह है कि क्या अरविंद साहू ने बनाया है लाखों की संपत्ति क्या अरविंद साहू के कहने पर ही चल रहा है ओवर रेट सवाल बहुत सारे हैं पर क्या जवाब जनता को मिलेगा शराब को लेकर लोग अब सड़कों पर उतर आए हैं अरविंद साहू मुर्दाबाद के नारे लगे हैं क्या आरोप ईडी लगातार अधिकारियों पर लगा रही है कहां तक सही है

क्या ईडी इस कड़ी में और लोगों के नाम जोड़ेगी या फिर दूसरी तरफ कदम बढ़ा जाऐगा क्या अधिकारियों में अब प्रशासन का डर नहीं रह गया है।

व्यापमं की परीक्षाओं के लिए आवेदन पूरी तरह निःशुल्क

7.80 से अधिक परीक्षार्थियों ने बनाई अपनी प्रोफाइल

रायपुर,05 जून 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा लगातार रिक्त पदों पर भर्तियां निकाली जा रही है। इससे प्रदेश के लाखों युवा उत्साहित है और भर्ती परीक्षाओं के लिए बढ़-चढ़कर आवेदन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप अभ्यर्थी व्यापमं की परीक्षाओं के लिए निःशुल्क आवेदन कर पा रहे हैं। साथ ही ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया को सरल बनाने से अभ्यर्थियों को आवेदन करने में बड़ी आसानी हो रही है।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा परीक्षार्थियों को प्रोफाइल बनाने की सुविधा दी गई है, अपनी प्रोफाइल के माध्यम से अभ्यर्थी अनेक परीक्षाओं के लिए आसानी से आवेदन भर सकेंगे। इस व्यवस्था से अभ्यर्थी को आवेदन करते समय बार-बार अपनी मूल जानकारी आवेदन में भरने की आवश्यकता नहीं होगी। युवाओं के हित में लिए गए इन फैसलों का सकारात्मक परिणाम यह है कि व्यापमं की वेबसाईट पर अब तक अभ्यर्थियों के 7 लाख 80 हजार 117 प्रोफाइल बन चुके हैं और इसके माध्यम से विभिन्न पदों के लिए 12 लाख 26 हजार आवेदन पत्र भरे जा चुके हैं।

प्रोफाइल में ऑनलाईन सुधार के लिए 20 दिनों का समय

व्यापमं द्वारा ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए भी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा वेबसाईट पर बनाए गए प्रोफाइल में त्रुटि होने की स्थिति में 20 दिनों के भीतर सुधारने का अवसर दिया जा रहा है। व्यापमं के अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि आवेदन सुधारने की अंतिम तिथि निकल जाने के बाद प्रोफाइल सुधारना उचित नहीं होगा, क्योंकि इससे आवेदन पत्र में गलती रह जाने की संभावना बनी रहेगी।

20 दिनों के भीतर प्रोफाइल में ऑनलाईन सुधार न करने पर अभ्यर्थी को व्यापमं आकर ऑफलाईन सुधार कराना होगा। साथ ही इन 20 दिनों में प्रोफाइल में ऑनलाईन सुधार न करने पर ही आवेदक को 200 रूपए देने होंगे और ऐसा इसलिए किया गया है ताकि अभ्यर्थी आवेदन करने में पर्याप्त सावधानी बरतें और लापरवाही की वजह से सेवा में नियुक्ति के दौरान आने वाली समस्याओं से बच सकें।

गौरतलब है कि अब तक केवल 2 हजार 182 आवेदकों को ही व्यापमं आकर ऑफलाईन प्रोफाइल में त्रुटि सुधार की आवश्यकता पड़ी है, जो व्यापमं में आवेदकों द्वारा बनाए द्वारा प्रोफाइल का मात्र 0.002 प्रतिशत है।

व्यापमं में बने अभ्यर्थियों के प्रोफाइल जल्द जुड़ेंगे आधार से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा अभ्यर्थियों के प्रोफाइल को जल्द ही आधार से जोड़ने की सुविधा शुरू की जाएगी। इस व्यवस्था से किसी भी आवदेक को ऑफलाईन प्रोफाइल सुधारने के लिए व्यापमं आने की जरूरत नहीं होगी। आवेदक ऑनलाईन घर बैठे ही अपने प्रोफाइल में सुधार कर सकेंगे।

रायपुर नगर निगम में पानी की विकराल समस्या

-सोनू कुमार-
रायपुर,05 जून 2023(घटती-घटना)। रायपुर नगर निगम में पानी की विकराल समस्या के कारण नगर निगम में पार्षदो के द्वारा नागरिकों के साथ प्रदर्शन किया गया, जुसमे अनेक नागरिको ने निगम के सामने मटके लेकर प्रदर्शन किया और पानी नही मिलने के कारण मटके निगम में ही फोड़ दिए ,लेकिन उनका ज्ञापन लेने तक कि फुरसत निगम के जवाबदार अधिकारियो को नही है, इसलिए पार्षदल ने ये तय किया है कि जब तक सक्षम अधिकारी ज्ञापन लेने नही आएंगे ,तब तक अनिश्चित कालीन प्रदर्शन चलता रहेगा ।।

आज हम सब भाजपा पार्षदों द्वारा हम सब के वार्ड में पानी की विकराल समस्या को लेकर निगम आयुक्त से मिलना चाहा और ज्ञापन देना चाहा लेकिन किसी अधिकारी ने मिलने नही दिया तो हम पूरे भाजपा पार्षद एवम् आम जनता अनिश्चित कालीन धरने में बैठे हैं।
रवि ध्रुव
लालपुर पार्षद रायपुर

-सोनू कुमार-
रायपुर,05 जून 2023(घटती-घटना)।माना मंडल के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर 110 पौधे लगाए गए जिसमें आप सभी से आग्रह निवेदन है कि आप सब भी पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाइए।

सलमा सुल्ताना को मारकर दफनाए जाने का शक

» पुलिस को मिली संदिग्ध कब्र

» छत्तीसगढ़ के कोरबा से पांच साल पहले चर्चित सलमा सुल्ताना की गुमशुदगी की फाइल फिर से खुली, जहां मारकर दफनाए जाने का शक,उस स्थल की स्क्रीनिंग करा रही पुलिस

कोरबा,05 जून 2023(ए)। प्रदेश के कोरबा से 5 साल पहले एक बेहद खूबसूरत न्यूज एंकर युवती लापता हो गई थी। पुलिस को अब उसकी गुमशुदगी के मामले में कुछ लीड मिली है। जिसे लेकर कोरबा पुलिस अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर उसकी लाश तलाशने में जुटी है। मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाली एक स्थानीय न्यूज चैनल में एंकर के रूप में काम कर रही सलमा सुल्ताना नामक युवती पिछले 5 साल से लापता है।

कुसमुंडा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। इसी मसले पर पुलिस ने उसकी शव की तलाश एक बार फिर से शुरू कर दी है। यह जांच राजधानी रायपुर की फॉरेंसिक टीम कर रही है। स्क्रीनिंग मशीन के साथ यहां पहुंची है। कोहड़िया मार्ग पर कंकाल का पता लगाया जा रहा।

सवाल उठ रहा है कि क्या कोहड़िया रोड पर जिस नर कंकाल के होने की प्राथमिक सूचना पुलिस को मिली, उसका वास्ता कोरबा की न्यूज एंकर रही सलमा सुल्ताना लश्कर का तो नहीं। पुलिस ने इस मामले में शुरुआती जांच की थी, जिसमें उसके हाथ खाली रह गए थे। इस मामले में कुछ सन्देहियों से पूछताछ की गई, जबकि मुख्य संदेही जिम संचालक फरार बताया जा रहा है।

रहस्यमय तरीके से लापता युवती की तलाश में आई तेजी

जांच दल के साथ दर्री सीएसपी रोबिनसन गुरिया, कुसमुंडा निरीक्षक केके वर्मा, निरीक्षक चमन सिन्हा, प्रशिक्षु आईपीएस के अलावा अन्य अधिकारी शामिल हैं। अधिकारियों की टीम ने रास्ते को वनवे करने के साथ यहां पर स्क्रीनिंग मशीन से बड़े हिस्से में जांच-पड़ताल की। इस दौरान क्या कुछ हासिल हुआ यह स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक कई प्रकार की सूचनाओं के अंतर्गत हम काम कर रहे हैं। फिलहाल हमारी जांच चल रही है। जब तक ठोस चीज सामने नहीं आ जाती, कुछ नहीं कहा जा सकता।

सीएसपी रॉबिनसन बोले अभी सिर्फ संदेह, जांच में होगा स्पष्ट

इस संबंध में सीएसपी रॉबिनसन गुड़िया ने कहा कि, कोरबा के एक स्थानीय न्यूज चैनल में एंकर के रूप में काम कर रही युवती पिछले 5 साल से लापता है। कुसमुंडा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। जिसे लेकर कई प्रकार की अटकलें लगाई जा रही है। मौजूदा मामले को लेकर कयास लगाया जा रहा है कि वर्तमान में जिस जगह पर कंकाल की खोजबीन स्क्रीनिंग के जरिए की जा रही है, वहां करोड़ों की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण पिछले वर्षों में कराया गया है।

आईईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल

बीजापुर,05 जून 2023(ए)। जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल हो गए हैं । घायल जवानों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है । पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय से मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 85 बटालियन के जवान गस्त सर्चिंग के लिए निकले हुए थे, इसी दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से जवान रिफ्त कुमार साहू और विशाल कुमार साहू घायल हो गए । जिसके बाद दोनों जवानों को बीजापुर जिला मुख्यालय लाया गया जहां प्राथमिक उपचात के बाद बेहतर उपचार के लिए चॉपर से रायपुर के लिए रिफर कर दिया गया है ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)